दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
● नई दिल्ली। सोमवार 08 सितंबर-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 259 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




SESCSM LAW COLLEGE
Approved by Bar Coucil of Indi | Affiliated to Maa Shakkumbhari University
Formerly Affiliated to CSS University Meerut
Compus: Bhangela, khatauli,Meerut-Muzaffarnagar NH-58 (Delhi NCR)
☎ 9992698926, 9219603334
GRADUATION MARKS: GENERAL 45% SC/ST 40%
ADMISSION OPEN
LL.B (3 YEARS)




## बीजेपी की कार्यशाला में पिछली पंक्ति में बैठे पीएम नरेंद्र मोदी

## सांसद अतुल गर्ग ने नमो ऐप के बारे में विस्तार से बताया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक तस्वीर सुबह से वायरल हो रही है, जिसमें वे सुबह 10:45 बजे पार्टी की सांसद कार्यशाला में पहुंचे और पीछे जाकर चुपचाप बैठ गए। न कोई उद्घाटन भाषण, न तामझाम। बस सांसदों के बीच, गंभीरता से सुनते हुए देखे गए। पीएम मोदी को 10 या 15 मिनट के लिए इस कार्यशाला में नहीं पहुंचे, उन्होंने पूरा दिन बिताया। एक आम सांसद की तरह भागीदारी थी। यह तस्वीर देखते ही देखते वायरल हो गई। तब से बहुत सारे लोग सोशल मीडिया में बीजेपी की सांसद कार्यशाला के बारे में जिज्ञासा है। लोग सोशल मीडिया में सर्च कर रहे हैं। हम आपको बताने जा रहे हैं, इस कार्यशाला के बारे में और ये भी बताएंगे की यह बीजेपी के लिए इतनी अहम क्यों है?

बीजेपी सांसद कार्यशाला को आप पार्टी का पॉलिटिकल स्कूल कह सकते हैं। यहां सांसदों को बताया जाता है कि जनता तक कैसे पहुंचना है। कैसे सोशल मीडिया पर एक्टिव रहना है और विपक्ष के वार का जवाब कैसे देना है। यानी किताबों वाली क्लास नहीं, बल्कि



चुनावी मैदान के लिए ट्रेनिंग क्लास। इसका उद्देश्य सांसदों को सरकार की नीतियों, योजनाओं और राजनीतिक रणनीतियों के साथ जोड़ना होता है। यह सांसदों के लिए सीखने, समझने और साझा करने का मंच है।

### कौन-कौन बैठता है इस क्लास में?

इसमें लोकसभा और राज्यसभा के सभी सांसद शामिल होते हैं।

केंद्रीय मंत्री, पार्टी अध्यक्ष और संगठन के सभी बड़े पदाधिकारी।

कभी-कभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी बीजेपी बुलाती है।

इस बार तो प्रधानमंत्री खुद पीछे बैठकर पूरी क्लास अटेंड करते रहे।

### चार सत्र-कई अहम प्रस्ताव

**पहला सत्र: राष्ट्र निर्माण पर केंद्रित :** इसमें कमलेश पासवान आत्मनिर्भर भारत पर, सुधांशु त्रिवेदी स्वदेशी भारत पर, बांसुरी स्वराज ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर और डॉ. हेमांग जोशी ने युवा शक्ति और रोजगार पर सांसदों की क्लास ली।

**तीसरा सत्र: स्थायी समितियों के समूहों की चर्चा :** संजय जायसवाल और बांसुरी स्वराज ने कृषि, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य पर बात की। तेजस्वंत पांडा और संबित पात्रा ने रक्षा, विदेश, आईटी पर। ऊर्जा, कोल, इंडस्ट्री पर शशांक त्रिपाठी और अपराजिता सारंगी ने बात रखी। शिक्षा, संस्कृति, कानून पर संचालन पी।पी। चौधरी और सुनील कुमार ने की। रेलवे, ट्रांसपोर्ट का संचालन भानुभरि महताब जबकि रिपोर्टिंग रमेश अवस्थी ने की।

**चौथा सत्र: क्षेत्रीय समूहों की चर्चा :** गरीय क्षेत्र खास तौर पर मत्स्य पालन योजनाओं पर चर्चा। लेफ्ट विंग क्षेत्र पर भी बात। इसमें गरीब कल्याण योजना की चर्चा।

ग्रामीण क्षेत्र की चर्चा में किसान सम्मान निधि पर बात होनी है। शहरी क्षेत्र की बात स्वच्छता अभियान पर फोकस रही तो पहाड़ी और उत्तर-पूर्व क्षेत्र का जिक्र आया तो सीमावर्ती क्षेत्र का विकास मुद्दा रहा।

### दूसरे सत्र में सांसद अतुल गर्ग ने रखी अपनी बात



ज्योतिमय महतो ने सोशल मीडिया टीम बिल्डिंग पर बात की। सीपी जोशी सरकारी योजनाओं का नैरेटिव बनाने पर अतुल गर्ग ने नमो ऐप के बारे में विस्तार से बताया और उसका इस्तेमाल कैसे करें, इसे समझाया।

## जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने आईजीआरएस निस्तारण मामले में अपनाया कड़ा रुख

## अधिकारियों को दिए गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने इंटीग्रेटेड ग्रीवांस रिड्रेसल सिस्टम के लंबित मामलों और उनकी गुणवत्ता को लेकर सख्त रुख अपनाया है। 6 सितंबर, 2025 को प्राधिकरण कार्यालय में आयोजित एक समीक्षा बैठक में उन्होंने सभी जोनल अधिकारियों और उनकी टीमों के साथ जनता की शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की।

बैठक में बताया गया कि अब तक कुल 6967 आईजीआरएस प्रकरणों में से 6832 का निस्तारण हो चुका है, जबकि केवल 135 मामले ही लंबित हैं। हालांकि, निस्तारण की संख्या के बावजूद उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया। एक निस्तारित प्रकरण की गुणवत्ता बेहद खराब पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई के निर्देश दिए।



इसके अतिरिक्त, हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायत का संतोषजनक समाधान न करने पर एक अन्य अधिकारी को भी कड़ी फटकार लगाई गई और उनके विरुद्ध भी कार्रवाई के आदेश दिए गए। वत्स ने ओएसडी राजीव रतन सिंह को प्रशासनिक कार्यों में अधिक गंभीरता और सावधानी बरतने को कहा। उन्होंने सभी अधिशासी अभियंताओं को नियमित बैठकें आयोजित करने और आई जी आर एस मामलों के जवाबों की गुणवत्ता की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निस्तारण की गुणवत्ता शासन और जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के निर्देशों के अनुरूप होनी चाहिए।

उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने यह भी चेतावनी दी कि जनता से जुड़े मुद्दों में किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दोहराया कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण जनता की शिकायतों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं है।

## यूपीएसएसएससी पेट 2025 परीक्षा संपन्न

### 51 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 50 हजार से अधिक अभ्यर्थी रहे उपस्थित



**परीक्षार्थियों की उपस्थिति**
परीक्षा में उपस्थित
**39,097**
परीक्षा में अनुपस्थित
**10,805**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रविवार को यूपीएसएसएससी पेट 2025 की परीक्षा दो पारियों में आयोजित की गई। पहली पारी सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पारी दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक चली। गाजियाबाद के 51 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 50,000 से अधिक अभ्यर्थी उपस्थित थे।

परीक्षा को लेकर पुलिस कमिश्नरेट ने तीनों जोन में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए, जबकि जिला प्रशासन ने सभी नियमों और कायदे-कानूनों का पालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा सुचारू रूप से कराई। बारिश और ट्रैफिक जाम की वजह से कई अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुँचने में कठिनाई हुई।

### पेपर से संतुष्ट दिखे अभ्यर्थी

करंट क्राइम : परीक्षा में उपस्थित छात्रों ने परीक्षा को सामान्य और समझने योग्य बताया। सवाल बहुत कठिन नहीं थे और छात्रों ने अच्छे प्रदर्शन के साथ पेपर पूरा किया। छात्रों में उत्साह और आत्मविश्वास साफ देखा गया। बता दें कि शनिवार को भी गाजियाबाद में लगभग 50,000 से अधिक छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया था।

### जिलाधिकारी के नेतृत्व में नकलविहीन व शांतिपूर्ण संपन्न हुई पेट परीक्षा



गाजियाबाद, करंट क्राइम। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पेट)-2025 गाजियाबाद में शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न हुई। जनपद के कुल 51 परीक्षा केन्द्रों पर 6 और 7 सितम्बर को दो-दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षाओं की निगरानी के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे। इसमें 5 जोनल मजिस्ट्रेट, 51 सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापक नियुक्त किए गए थे। पहली पाली सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक हुई। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए कुल 1,00,896 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 78,471 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 6 सितम्बर की पहली पाली में 19,431 और दूसरी पाली में 19,397 परीक्षार्थी शामिल हुए। 7 सितम्बर की पहली पाली में 19,815 तथा दूसरी पाली में 19,828 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार कुल 77.75 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जिलाधिकारी के निर्देशन और प्रशासनिक सतर्कता से जनपद में परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई।

## ट्रांस हिंडन पुलिस ने खोज डाले एक करोड़ के महंगे फोन

### डीसीपी निमिष दशरथ पाटिल को धन्यवाद देते रहे सेलफोन मिलने वाले लोग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ट्रांस हिंडन जोन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की टीमों और स्वाट साहिबाबाद समेत विभिन्न थानों की संयुक्त कार्रवाई में कुल 265 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ रुपए है। ये मोबाइल फोन चोरी, स्नैचिंग/लूट और खोए हुए मामलों से संबंधित थे। पुलिस ने खास पोर्टल पर तकनीकी और मैनुअल तरीके से मोबाइल फोन की पहचान कर संबंधित कंपनियों तक पहुंचाया। इसके बाद चोरी या खोए हुए मोबाइल फोन उनके मालिकों को लौटाए गए।




### लगातार जारी रहेगा फोन बरामद करने का अभियान : डीसीपी निमिष दशरथ पाटिल

करंट क्राइम। हमारी टीम ने लगातार मेहनत और तकनीकी प्रयास के जरिए चोरी और गुम हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं। हमारी प्राथमिकता हमेशा जनता की सुरक्षा और उनके सामान की सुरक्षा रही है। पुलिस कर्मियों की मेहनत और समर्पण सराहनीय है, और जनता का सहयोग भी इस कार्रवाई में अहम भूमिका निभाता है। हम सभी गाजियाबाद वासियों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि पुलिस हर कदम पर उनके साथ है।



### थानावार मोबाइल फोन बरामदगी

| थाना | संख्या |
|---|---|
| इंदिरापुरम | 50 |
| कौशाम्बी | 54 |
| खोड़ा | 30 |
| साहिबाबाद | 32 |
| लिंकरोड़ | 35 |
| शालीमार गार्डन | 30 |
| टीलामोड | 34 |

### मोबाइल फोन बरामदगी का प्रकार

| प्रकार | संख्या |
|---|---|
| चोरी किए गए मोबाइल फोन | 15 |
| खोए हुए/गुम हुए मोबाइल फोन | 241 |
| स्नैचिंग/लूट किए गए मोबाइल | 09 |
| कुल मोबाइल फोन | 265 |

### जनता ने की पुलिस की सराहना व किया धन्यवाद

करंट क्राइम : गाजियाबाद के लोगों ने पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई के लिए धन्यवाद किया। नागरिकों का कहना है कि ऐसी सक्रियता से चोरी, लूट और मोबाइल चोरी जैसी घटनाओं पर नियंत्रण रखा जा सकेगा।



### कमिश्नरेट पुलिस लगातार खोज रही है मोबाइल फोन

करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार पुलिस खोए और चोरी किए गए मोबाइल बरामद करने के लिए अलग-अलग ऐप और सर्विलांस के जरिए प्रयास करती है। जिसके बाद बड़ी संख्या में मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को लौट आए जाते हैं। अब तक ट्रांस हिंडन जोन पुलिस सैकड़ो मोबाइल लौटा चुकी है। तो सिटी और देहात जोन पुलिस भी इस मामले में पीछे नहीं है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के गाजियाबाद में चार्ज लेने के बाद अबतक पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में 1000 से अधिक खोए और चोरी मोबाइल को उनके मालिकों तक लौटने का काम किया गया है। जिसकी सोशल मीडिया से लेकर आम जनता के बीच पुलिस की तारीफ होती है। तो वही छवि भी सुधर रही है।

# अच्छी खबर : पंजाब में आज से रेगुलर खुलेंगे शिक्षा के मंदिर



## शिक्षा मंत्री पंजाब हरजोत सिंह बैंस ने दी जानकारी

**नांगल।** पंजाब में कई दिनों से बंद शैक्षणिक संस्थानों को सोमवार से खोलने का फैसला लिया गया है। पंजाब में बाढ़ का कहर जारी है और पूरा राज्य बाढ़ की चपेट में आ गया है, जिसके चलते स्कूल-कॉलेजों को 7 सितंबर तक बंद कर दिया गया था।

रविवार को शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने जानकारी दी कि सभी निजी और सहायता प्राप्त स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी सोमवार से सामान्य रूप से खुलेंगे। वहीं, सभी सरकारी स्कूल 9 सितंबर से सामान्य रूप से खोले जाएंगे।

नांगल में मीडिया से बातचीत करते हुए शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि पंजाब ने पिछले कुछ हफ्तों में बहुत बुरा समय देखा है। सभी 23 जिले बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। इस कारण कई दिनों तक स्कूलों की छुट्टी घोषित की गई थी। 8 सितंबर से सभी स्कूल और कॉलेज खुलेंगे। छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्कूल प्रशासन की होगी।



सभी निजी और सहायता प्राप्त स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी आज से सामान्य रूप से खुलेंगे। शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस

उन्होंने बताया कि सरकार की तरफ से बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूल प्रशासन को हिदायत दी गई है। प्राइवेट स्कूल सोमवार से क्लास शुरू कर सकते हैं, लेकिन उन्हें पहले ही स्कूलों की स्थिति का आकलन करना होगा। जिस स्कूल में किसी तरह का खतरा है, इन स्कूलों में बच्चों को नहीं पढ़ाया जाएगा।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि पंजाब के सभी सरकारी स्कूल 8 सितंबर को शिक्षकों के लिए खुलेंगे, लेकिन छात्रों के लिए बंद रहेंगे। पंजाब में सरकारी स्कूलों की संख्या 20 हजार है। सरकारी स्कूलों में सोमवार को शिक्षक स्कूलों का जायजा लेंगे। इसके अलावा, स्कूल भवनों में कोई समस्या या दोष पाया जाता है, तो इसकी सूचना तुरंत जिले के उपायुक्त और इंजीनियरिंग विभाग को दी जाए। इस दौरान, हरजोत सिंह बैंस ने अपील करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतें और यूथ क्लब इस काम में शिक्षकों की मदद करें।



उन्होंने सोशल मीडिया पर भी स्कूल खोले जाने संबंधी जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि अगर कोई स्कूल या कॉलेज बाढ़ से प्रभावित है, तो उसे बंद करने का निर्णय संबंधित जिले के उपायुक्त की ओर से लिया जाएगा।

## देख तेरे पंजाब की हालत क्या हो गई सरकार, कितना पीड़ित है इंसान

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 सितंबर को करेंगे बाढ़ प्रभावित पंजाब का दौरा

## बाढ़ पीड़ितों और वंचितों की मदद का हो सकता है बड़ा ऐलान!

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 सितंबर को बाढ़ प्रभावित पंजाब का दौरा करेंगे। पीएम मोदी 9 सितंबर को गुरदासपुर, पंजाब जाएंगे। पंजाब बीजेपी ने ट्वीट करके यह जानकारी दी है। पंजाब बीजेपी ने ट्वीट किया- माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी 9 सितंबर को गुरदासपुर, पंजाब आ रहे हैं। वे बाढ़ प्रभावित भाई-बहनों और किसानों से सीधे मुलाकात कर उनका दुख साझा करेंगे और पीड़ितों की मदद के लिए हर संभव कदम उठाएंगे। प्रधानमंत्री का यह दौरा साबित करता है कि केंद्र की भाजपा सरकार हमेशा पंजाब के लोगों के साथ खड़ी है और इस कठिन समय में पूरा सहयोग प्रदान करेगी। पंजाब में विनाशकारी बाढ़ के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है, जबकि 1.75 लाख हेक्टेयर भूमि पर लगी फसलें बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, सेना, सीमा सुरक्षा बल, पंजाब पुलिस और जिला अधिकारियों द्वारा राहत एवं बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी है।



पंजाब में विनाशकारी बाढ़ से अब तक 46 लोगों की मौत

पीएम का दौरा साबित करता है कि केंद्र की सरकार हमेशा पंजाब के साथ खड़ी है

पंजाब दशकों में आई अपनी सबसे भीषण बाढ़ का सामना कर रहा है। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के बाद सतलुज, व्यास और रावी जैसी नदियों के साथ-साथ मौसमी नालों में आए उफान के कारण यह बाढ़ आई है। इसके अलावा, हाल के दिनों में पंजाब में हुई भारी बारिश ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है, जिससे निवासियों के सामने आने वाली चुनौतियाँ और बढ़ गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को पोंग बांध का जलस्तर मामूली रूप से घटकर 1,394.19 फीट रह गया, हालांकि यह अपनी ऊपरी सीमा 1,390 फीट से चार फीट ऊपर बना हुआ है। शुक्रवार शाम को बांध का जलस्तर 1,394.8 फीट था। अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार को बांध में पानी का प्रवाह 99,673 क्यूसेक से घटकर 47,162 क्यूसेक रह गया, जबकि निकासी 99,673 क्यूसेक पर अपरिवर्तित रही।

भाखड़ा बांध में जलस्तर शुक्रवार के 1,678.47 फीट के मुकाबले 1,678.14 फीट था। अधिकारियों ने बताया कि सतलुज नदी पर बने इस बांध में पानी का प्रवाह 62,481 क्यूसेक और बहिर्वाह 52,000 क्यूसेक रहा। राज्य के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बाढ़ को पिछले पांच दशकों में सबसे भीषण बताते हुए कहा कि पंजाब और पड़ोसी पहाड़ी राज्यों में लगातार बारिश से व्यापक तबाही हुई है और सभी जिलों के लगभग 2,000 गाँव प्रभावित हुए हैं।

### 3.87 लाख से अधिक नागरिक प्रभावित

बाढ़ पर नवीनतम बुलेटिन के अनुसार, 3.87 लाख से अधिक नागरिक प्रभावित हुए हैं और 46 लोगों की मौत हो गई है। 1 अगस्त से 5 सितंबर के बीच 14 जिलों में 43 लोगों की मौत हुई है। बाढ़ के कारण 23 जिलों के कुल 1,996 गांव प्रभावित हुए हैं। सबसे ज्यादा मौतें होशियारपुर और अमृतसर (सात-सात) में हुई हैं, इसके बाद पठानकोट (छह), बरनाला (पांच), लुधियाना और बठिंडा (चार-चार), मानसा (तीन), गुरदासपुर, रूपनगर।

## दिल्ली में यमुना मय्या धीरे-धीरे हो रही शांत!

# यमुना का स्तर 205.59 मीटर

## अब भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है

**नई दिल्ली।** दिल्ली में यमुना का जलस्तर धीरे-धीरे घट रहा है और राजधानी को राहत की उम्मीद बंधी है। रविवार सुबह 7 बजे तक यमुना का जल स्तर 205.59 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान से ऊपर है। निचले इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए स्थिति अब भी चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। मयूर विहार में राहत कैंप लगाए गए हैं, जहां यमुना किनारे रहने वाले लोगों को शिफ्ट किया गया है।



हथिनी कुंड बैराज से 51,857 क्यूसेक, वजीराबाद बैराज से 73,280 क्यूसेक और ओखला बैराज से 1,48,868 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। पानी के डिस्चार्ज में कमी और जल स्तर में गिरावट से बाढ़ का खतरा कुछ कम हुआ है, लेकिन संकट अभी पूरी तरह टला नहीं है।

यमुना का जलस्तर बढ़ने से दिल्ली के कई इलाके में पानी घुस गया। बस्तियों लोगों की परेशानी बढ़ गई।

मयूर विहार इलाके में हालात ऐसे हैं कि अब राहत कैंपों तक भी पानी पहुंच चुका है, जिससे यहां रह रहे लोग दिक्कत में पड़ गए हैं। वहीं मॉनेस्ट्री इलाके में हालात ज्यादा गंभीर हैं। यहां राहत पहुंचाने के लिए नावों का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। घाटों से लेकर रिहायशी बस्तियों तक पानी भरा हुआ है, जिससे लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी बुरी तरह प्रभावित हुई है।




**बाढ़ वाले इलाके में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी :** तस्वीरें साफ बताती हैं कि यमुना के जलस्तर में गिरावट के बावजूद परेशानी खत्म नहीं हुई है। जिन इलाकों में पानी भर चुका है, वहां से लोगों को निकालने और उन्हें सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का काम जारी है। प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य तेज कर दिए हैं और लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और अफवाहों पर ध्यान न दें।

यमुना नदी उफान पर है, जिससे यमुना घाट के पास स्थित एक मंदिर आंशिक रूप से जलमग्न हो गया।

### पानी को हो रहा कम, लेकिन खतरा टला नहीं

विशेषज्ञों का मानना है कि अगर जलस्तर लगातार घटता रहा तो अगले कुछ दिनों में स्थिति सामान्य हो सकती है। हालांकि अभी जलस्तर उस स्तर तक नहीं पहुंचा है कि बाढ़ का खतरा पूरी तरह समाप्त माना जाए।

## राजस्थान-गुजरात के लिए बजी खतरे की घंटी!

# अगले 72 घंटे भारी बारिश और तूफान का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में अगले 72 घंटे तक भारी से बहुत भारी बारिश और कहीं-कहीं अति भारी बारिश हो सकती है। उत्तर गुजरात और दक्षिण पश्चिम राजस्थान के ऊपर दबाव प्रणाली के प्रभाव में 8 सितंबर तक राजस्थान और गुजरात राज्य में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। राजस्थान और दक्षिण गुजरात के कुछ स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश हो सकती है। वहीं उत्तर गुजरात क्षेत्र, सौराष्ट्र और कच्छ में आज यानी 7 सितंबर 2025 को असाधारण रूप से भारी वर्षा हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक बारिश की तीव्रता 30 सेमी से भी ज्यादा रह सकती है।




आईएमडी ने जारी किया अलर्ट, रहें सावधान!

मौसम विभाग का अनुमान है कि गुजरात और राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश और कुछ स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश हो सकती है। कोंकण और गोवा में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय, छत्तीसगढ़, तटीय आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर-लद्दाख, मध्य महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा, ओडिशा, पंजाब, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल और उत्तराखंड में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।

### 24 घंटे में कई इलाकों में तेज बारिश

मौसमी सिस्टम में बदलाव के कारण उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश और उससे सटे पूर्वी राजस्थान में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इस कारण दक्षिणी राजस्थान और उससे सटे उत्तरी गुजरात में एक लो प्रेशर एरिया बन रहा है। मौसमी सिस्टम के कारण 7 सितंबर तक गुजरात और राजस्थान में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। बीते 24 घंटे में पश्चिमी राजस्थान और गुजरात क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश दर्ज की गई।

# जीएसटी के फायदे बताने उतरेगी भाजपा नेताओं की टीम, मंत्रियों को भी मिलेगी जिम्मेदारी





भाजपा पीएम मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से एक पखवाड़े का सेवा कार्यक्रम भी मनाने जा रही है

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जीएसटी की चार दरों को केवल पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत में समेट दिया है। इससे देश के हर आम परिवार को 10 से 15 हजार रुपये प्रति वर्ष की बचत हो सकती है। जीएसटी की दरों में कमी का अर्थव्यवस्था और आम आदमी के जीवन पर क्या असर पड़ सकता है, यह बताने के लिए भाजपा जल्द ही अपने शीर्ष नेताओं को जमीन पर उतार सकती है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा के संगठन के पदाधिकारी, सांसद-विधायक और राज्य सरकारों में मुख्यमंत्री और अन्य मंत्री प्रेस कांफ्रेंस और अन्य कार्यक्रम कर लोगों को जीएसटी दरों में होने वाली कमी के लाभ बताएंगे।

भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से एक पखवाड़े का सेवा कार्यक्रम भी मनाने जा रही है। इसमें केंद्र सरकार के कार्यों का लाभ आम जनता तक पहुंचाने की कोशिश की जाएगी। इस योजना में जगह-जगह कार्यक्रम कर लोगों को केंद्र सरकार के कार्यों की जानकारी दी जाएगी। अब इन कार्यक्रमों के साथ-साथ भाजपा नेता लोगों को जीएसटी दरों में कमी के बारे में भी जानकारी देंगे।

केंद्र सरकार के स्तर पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल, अश्विनी वैष्णव अपने-अपने स्तर पर जीएसटी दरों में कमी के लाभ गिना चुके हैं।

## बेंगलुरु-पुणे हाईवे दुर्घटना : छह साल बाद पीड़ितों को मिला मुआवजा

**ठाणे।** 2019 में बेंगलुरु-पुणे राजमार्ग पर हुए एक सड़क हादसे के मामले में ठाणे स्थित मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) ने 27 लाख रुपये का सामूहिक मुआवजा देने का आदेश दिया है। यह राशि दुर्घटना के छह पीड़ितों को दी जाएगी।

आर.वी. मोहिते की अध्यक्षता वाले न्यायाधिकरण ने चार सितंबर को हादसे से जुड़े पांच अपीलों पर निर्णय दिया था। हालांकि इस आदेश की प्रति शनिवार को सामने आई। इन पांच दावों में दो दावे मृत्यु के थे तथा तीन दावे कार चालक की पत्नी और दो बच्चों को लगी चोटों से संबंधित थे।

### आठ जून 2019 को हुआ था



**हादसा :** ये हादसा 8 जून, 2019 को बेंगलुरु-पुणे राजमार्ग पर कराड गांव के पास तब हुआ था जबकि कार से सफर के दौरान चालक जहिंद्र शिवप्पा कुंभार ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। मामले की सुनवाई के दौरान दावेदारों के वकील ने न्यायाधिकरण को बताया कि जब हादसा हुआ तब कार पहले डिवाइडर से टकराई और फिर एक पेड़ से टकरा गई।

# चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ आज सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई, राजनीतिक दलों ने दायर की हैं याचिकाएं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को उन याचिकाओं पर सुनवाई करेगा, जिनमें चुनाव आयोग द्वारा 24 जून को चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के फैसले को चुनौती दी गई है। इन याचिकाओं में राजनीतिक दलों की याचिकाएं भी शामिल हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ इस मामले में सुनवाई करेगी। इसमें राजद, एआईएमआईएम और अन्य याचिकाकताओं ने चुनाव आयोग के उस नोट पर जवाब दाखिल किया है, जिसमें आयोग ने कहा था कि बिहार की 7.24 करोड़ मतदाता सूची में से 99.5% मतदाताओं ने अपनी पात्रता से जुड़े दस्तावेज जमा कर दिए हैं। 22 अगस्त को हुई पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया था कि ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से बाहर हुए मतदाता ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से अपने दावे और आपत्तियां दाखिल करा सकेंगे। इसके बाद भी कई राजनीतिक दलों ने समय सीमा बढ़ाने की मांग की थी। 1 सितंबर की सुनवाई में चुनाव आयोग ने अदालत को बताया था कि दावे, आपत्तियां और सुधार 1 सितंबर के बाद भी दाखिल किए जा सकते हैं, लेकिन इन पर विचार केवल अंतिम मतदाता सूची तैयार होने के बाद ही होगा। आयोग ने कहा था कि अंतिम नामांकन तिथि तक दावे और आपत्तियां दाखिल की जा सकती हैं। शीर्ष अदालत ने बिहार एसआईआर को लेकर व्याप्त भ्रम को मुख्यतः विश्वास का मामला बताया। और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देश दिया कि वह 1 अगस्त को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची पर दावे और आपत्तियां दर्ज कराने में व्यक्तिगत मतदाताओं और राजनीतिक दलों की सहायता के लिए अर्ध-कानूनी स्वयंसेवकों को तैनात करे। चुनाव आयोग ने अपने 24 जून के शेड्यूल में दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अंतिम तिथि 1 सितंबर तय की थी और कहा था कि अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित होगी।



शीर्ष अदालत ने राजनीतिक दलों से चुनाव आयोग के नोट के जवाब में अपने जवाब दाखिल करने को कहा था।

## 'सुधारवादी रवैया अपनाकर भारत का सम्मान बचाए सरकार...' ट्रंप टैरिफ पर बोलीं मायावती



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रविवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने कार्यकताओं के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक माल एवेन्यू स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई। इसमें यूपी में संगठन की तैयारी, कमेटी गठन के साथ सर्वसमाज में पार्टी का जनाधार बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। इसके अलावा देश के अंदर चल रहे ताजा घटनाक्रम पर भी बातचीत हुई।

इस अवसर पर सभी से बसपा के संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर लखनऊ में होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई। बैठक में मायावती ने यूपी और अन्य राज्यों में धार्मिक स्थलों एवं उनके संतों, गुरुओं व महापुरुषों का निरादर करके सामाजिक, साम्प्रदायिक व राजनीतिक हालात बिगाड़ने की घटनाओं पर चिंता जताई। उन्होंने अमेरिका द्वारा लगाए गए 'ट्रंप टैरिफ' से उभरी नई चुनौतियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार को नसीहत दी है कि वह अपनी नीतियों व कार्यक्रमों में सुधारवादी रवैया अपनाएं।

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली। सोमवार 08 सितंबर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# आ गई हाउस टैक्स और निगम कार्यकारिणी चुनाव मामले में एक नई रफ्तार जब भाजपा के पार्षद लखनऊ के लिए हुए रवाना बस में होकर सवार



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम में भाजपा का बहुमत है, लेकिन एक ऐसा मौका आया है जब हाउस टैक्स वृद्धि के प्रस्ताव को लेकर भाजपा में ही अलग-अलग मत हो गये हैं। भाजपा पार्षदों के एक ग्रुप ने टैक्स को लेकर मोर्चा खोला, मिनट्स को लेकर मोर्चा खोला और निगम कार्यकारिणी चुनाव में इस मोर्चे का चरम आ गया और वो हुआ जब पूरे बहुमत के बावजूद कार्यकारिणी चुनाव निरस्त हो गया। इधर नगर निगम में भाजपा के पार्षद धरने पर बैठ गए। उन्होंने मिनट्स बुक की मांग की और मेयर ने धरने पर बैठने वाले पार्षदों में से तीन पार्षद और पार्षद पति को चिन्हित किया। उनके खिलाफ अनुशासनहीनता का मेटर बताकर लेटर लिख दिया। महानी में मोड तब आया जब क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया ने मिनट्स बुक मांगने को अनुशासनहीनता के दायरे से बाहर किया और इसे पार्षदों का अधिकार बताया।

वहीं दूसरी तरफ टैक्स की इस कहानी में तीन पूर्व सीनियर पार्षद हैं। टैक्स की इस कहानी में हाईकोर्ट है और टैक्स की इस कहानी में सदन द्वारा बहुमत से जारी किया प्रस्ताव है। निगम कार्यकारिणी चुनाव निरस्त होने के बाद अब कहानी में एक नया मोड़ तब आया जब सड़क पर बस आ गई और बस में भाजपा के पार्षद आ गए। रविवार का दिन बस और पार्षदों के नाम रहा। हाउस टैक्स वृद्धि का प्रस्ताव निरस्त होने के बाद निगम कार्यकारिणी चुनाव निरस्त होने के बाद भाजपा पार्षदों अपने साथ विपक्ष के दो पार्षद पति लिये और उन्होंने पूरी गति से बस को लखनऊ की तरफ चलने का आदेश दिया।

सूत्र बताते हैं कि ये पार्षद हाउस टैक्स वृद्धि के बाद वसूले जा रहे टैक्स के विरोध में लखनऊ गए हैं। गाजियाबाद के पार्षदों ने पार्षद वैलफेयर एसोसिएशन का गठन किया था और रविवार को बढ़े हुए टैक्स के विरोध में लगभग एक दर्जन पार्षद लखनऊ के रवाना हुए। सूत्र बताते हैं कि मिनी ट्रैवलर्स बस से ये पार्षद लखनऊ के लिये रवाना हुआ हैं। लखनऊ पहुंचकर ये पार्षद अपनी बात को विभाग के मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री के सामने रखेंगे।

## दोपहर ढाई बजे विजयनगर से पार्षदों को लेकर रवाना हुई बस

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। विजयनगर से पार्षदों को लेकर ढाई बजे ये बस लखनऊ के लिये रवाना हुई है। सूत्र बताते हैं कि साढ़े पांच बजे बस ने आगरा पार लिया था। सूत्रों की मानें तो इस बस में 12 पार्षद सवार हैं, जिनमें पार्षद हिमांशु शर्मा, पार्षद पति डॉ. पवन गौतम, पूर्व पार्षद जाकिर सैफी, पार्षद नीरज गोयल, पार्षद गौरव सोलंकी, पार्षद ओमप्रकाश ओढ़, पार्षद शिवम शर्मा और अन्य पार्षद सवार हैं। ये सभी पार्षद हाउस टैक्स से लेकर कई अन्य मामलों को मुलाकात कर रखेंगे।

## प्रदेश अध्यक्ष से लेकर मुख्यमंत्री से है मुलाकात का प्रोग्राम

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सूत्र बताते हैं कि बस में सवार होकर निगम पार्षद केवल लखनऊ की यात्रा करने नहीं गए हैं, बल्कि वो कई पुराने मामलों को लेकर गए हैं। यहां पर उनकी योजना मुख्यमंत्री से भी मुलाकात करने की है। बताया जाता है कि सबसे पहले ये पार्षद नगर विकास मंत्री एके शर्मा से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वो भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से मिलेंगे और फिर भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह से मिलेंगे। बताया जाता है कि पार्षदों की मुलाकात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी हो सकती है। उनका पूरा कार्यक्रम तय हो गया है।

## आज मिलेंगे प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री से भी निगम पार्षद

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आज यानी सोमवार को निगम पार्षद लखनऊ पहुंच जाएंगे। सोमवार का दिन नगर विकास मंत्री एके शर्मा से मुलाकात का रहेगा और यहां पर जिस मुलाकात को लेकर सबसे ज्यादा जोर है वो मुलाकात भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह से होनी है। सूत्र बताते हैं कि पार्षदों को मुलाकात के लिये समय मिला है और इस मुलाकात में गाजियाबाद के पार्षद अपनी बात रखेंगे। प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात दिन में होगी और प्रदेश संगठन महामंत्री से शाम को मुलाकात होगी। इसके बाद इस बात की प्रबल संभावना है कि ये मामला मुख्यमंत्री के दरबार तक पहुंचेगा।

## न पांच मांगों को लेकर पार्षद पहुंचे हैं लखनऊ

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पार्षदों ने अब सीधे प्रदेश की राजधानी की तरफ कूच किया है। वो जहां हाउस टैक्स के मुद्दे पर मुखर हैं। वहीं सूत्र बताते हैं कि दो महीने के बाद भी मिनट्स बुक के वादे में वादाखिलाफी होने से भी पार्षद नाराज हैं। वो अपनी वैलफेयर एसोसिएशन बना चुके हैं। पार्षदों का कहना है कि वो जनता के चुने हुए जनप्रतिनिधि हैं। उनकी जवाबदेही क्षेत्र की जनता के प्रति है। सूत्र बताते हैं कि जिन मुद्दों को लेकर पार्षद मुलाकात करेंगे, अपना पत्र देंगे उनमें पांच प्रमुख मांगे हैं। इनमें पहली मांग ये है कि हाउस टैक्स के मुद्दे पर स्थिति स्पष्ट की जाए, जब सदन में सर्वसम्मति से बढ़ी हुई दरों का प्रस्ताव निरस्त हो गया तो फिर जनता को बढ़ी हुई दरों पर बिल क्यों भेजे जा रहे हैं। पार्षदों का कहना है कि बिल को लेकर तत्काल फैसला हो। वहीं पार्षदों की दूसरी मांग ये है कि जब तक टैक्स को लेकर कोई अंतिम फैसला नहीं हो जाता तब तक किसी भी करदाता को बढ़े हुए बिल ना भेजे जाएं। तीसरी मांग ये है कि पार्षद अब क्षेत्र में विकास कार्य ना होने से परेशान हैं। उनका कहना ये है कि फंड की कमी बताकर उन्हें टाला जा रहा है। जबकि ये पूरा मामला हाउस टैक्स के विरोध से जुड़ा है। पार्षदों की ये मांग है कि विकास कार्यों में तेजी लाई जाए वहीं चौथी मांग ये है कि वो अब सदन के अधिकारों की बात भी शासन में उठाएंगे। पार्षदों का ये कहना है कि यदि सदन में कोई भी प्रस्ताव पूरी मैजोरिटी के साथ पास हुआ है तो फिर इसमें अधिकारियों द्वारा ना माने जाने का क्या सवाल है। पार्षद इसे अधिकारियों की मनमर्जी मान रहे हैं और उनका कहना ये है कि अब सदन के अधिकारों को लेकर भी शासन से स्पष्ट दिशा-निर्देश प्राप्त हों ताकि किसी प्रकार की कोई गलतफहमी ना रहे। पांचवी मांग महत्वपूर्ण है और वो ये है कि पहले ही निगम कार्यकारिणी चुनाव में देरी हुई है और अब फिर से चुनाव निरस्त हुआ है। पार्षद इस बात की मांग करेंगे कि कार्यकारिणी के चुनाव जल्द से जल्द हों और ये तय हो कि कार्यकारिणी चुनाव में किसी भी स्पर पर देरी नहीं की जाएगी।

## किसके पीए ने किया लखनऊ जाते हुए पार्षदों को फोन

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पार्षद लखनऊ के लिये रवाना हो गए और पार्षद एकता जिंदाबाद का नारा लगा। सूत्र बताते हैं कि जब पार्षद लखनऊ वाले रूट पर जा रहे थे तो उनके पास एक पीए का फोन पहुंचा। अब ये पीए किसी जनप्रतिनिधि का पीए है या किसी अधिकारी का पीए है, ये गोपनीय है, लेकिन पीए ने पार्षदों से बात की और पार्षदों का कहना है कि बिना आका के निर्देश के बिना तो पीए फोन मिलाने से रहा। वहीं पार्षदों के पास निगम के एक बड़े अधिकारी का भी फोन पहुंचा है। अब लखनऊ पहुंचकर ही बात होगी।

## हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर 9 सितंबर को कविनगर रामलीला मैदान से निकलेगा विरोध मार्च

### पूर्व और वर्तमान पार्षद लग रहे हैं पूरा जोर



गाजियाबाद, करंट क्राइम : नगर निगम गाजियाबाद द्वारा बढ़ाए गए गृहकर (हाउस टैक्स) के विरोध में गाजियाबाद के अलग-अलग इलाकों संगठनों और भाजपा के पार्षदों से लेकर पूर्व पार्षदों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। रविवार को कविनगर बी ब्लॉक पार्क में विभिन्न ब्लॉकों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मंगलवार 9 सितंबर को सुबह 10 बजे कविनगर रामलीला मैदान से विरोध मार्च निकाला जाएगा।

**काली पट्टी बांधकर जोनल कार्यालय तक जाएंगे लोग :** हाउस टैक्स की बढ़ती कीमतों को लेकर लोग इस कदर नाराज है कि वह मार्च के रूप में भाग लेंगे। मार्च में लोग काली पट्टी बांधकर नगर निगम कविनगर जोनल कार्यालय तक पहुंचेंगे और बढ़े हुए कर के विरोध में एक ज्ञापन सौंपेंगे। बता दें की गृहकर वृद्धि का मामला इस समय प्रयागराज उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। तीन पूर्व पार्षद– हिमांशु मित्तल, राजेंद्र त्यागी और अनिल स्वामी ने इस मामले में याचिका दायर की है, जिसकी सुनवाई 11 सितंबर को होनी है।

### स्थानीय लोगों की भी रहेगी भागीदारी

करंट क्राइम। नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स बधाई जाने के विरोध में स्थानीय लोगों की भी भागीदारी रहने की जानकारी मिली है बताया जा रहा है कि प्रतिनिधियों ने लोगों से अपील की है कि वे 20 प्रतिशत रिबेट के लालच में टैक्स जमा न करें। उनका कहना है कि इससे भविष्य में स्थायी रूप से दोगुना-तीन गुना कर भार पड़ सकता है। बैठक में मौजूद लोगों ने अधिक से अधिक संख्या में विरोध मार्च में शामिल होकर नगर निगम की नीति के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया।

# समय पर जांच और रोकथाम बचा सकती है गंभीर समस्याओं से : डॉ. पीएन अरोड़ा

## यशोदा मेडिसिटी ने किया मेगा पल्मोनोलॉजी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम में यशोदा मेडिसिटी द्वारा मेगा पल्मोनोलॉजी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में फेफड़ों की शुरुआती जांच, विशेषज्ञ परामर्श और सांस की सेहत पर जागरूकता प्रदान की गई। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श प्राप्त किया।



शिविर में वरिष्ठ पल्मोनोलॉजी विशेषज्ञों की टीम ने सेवाएँ दीं, जिनमें डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. के.के. पांडे, डॉ. आशीष कुमार, डॉ. अंकित भाटिया और डॉ. शेखर वर्शने शामिल थे। इन विशेषज्ञों ने लोगों को फेफड़ों की बीमारियों के बारे में जागरूक किया और उन्हें समय पर जांच और उपचार के महत्व के बारे में बताया।यशोदा मेडिसिटी में यशोदा इंस्टिट्यूट ऑफ रेस्पिरेटरी मेडिसिन एंड इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी विशेष रूप से फेफड़ों और स्लीप डिसऑर्डर्स के लिए व्यापक एवं विशेषज्ञ देखभाल प्रदान करता है। संस्थान में अस्थमा, सीओपीडी फेफड़ों के इंफेक्शन, इंटरस्टिशियल लंग डिजीज, टीबी और स्लीप एपनिया जैसी बीमारियों का सटीक निदान और प्रभावी उपचार उपलब्ध है।

यशोदा मेडिसिटी के चेयरमैन, मैनेजिंग डायरेक्टर, डॉ. पी.एन. अरोड़ा ने कहा कि सांस की सेहत बहुत महत्वपूर्ण है, और समय पर जांच और रोकथाम गंभीर समस्याओं से बचा सकती है। डॉ. राजेश गुप्ता और डॉ. के.के. पांडे ने भी लोगों को जागरूकता और नियमित जांच के महत्व के बारे में बताया।

# आरएसएस का झंडा लगाकर रौब जमाने वाला गिरफ्तार टोल से लेकर बाजारों में दिखाता था अपना भौकाल

### - पुलिस ने बरामद की इनोवा क्रिस्टा गाड़ी, स्टीकर और अशोक स्तंभ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** विजयनगर थाना पुलिस और गाजियाबाद क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम ने इनोवा क्रिस्टा गाड़ी पर आरएसएस का झंडा, स्टीकर व अशोक स्तंभ लगाकर रौब जमाने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जो खुद को आरएसएस का जिलाध्यक्ष बताता था और लोगों पर रौब भी जमाता था। साथ ही इसके रिश्तेदार विजयनगर में रहते हैं, वह भी आसपास के लोगों को इसके नाम से डराने धमकाने का काम करते थे। इस मामले में पुलिस ने ओमवीर यादव निवासी सफार्बाद सेक्टर-113 जिला गौतमबुद्ध नगर को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि यह लंबे समय से खुद को आरएसएस का जिलाध्यक्ष बात के लोगों को बरगताला था। साथ ही इस पर लोगों से अवैध रूप से उगाही करने, लोगों को डराने का भी पुलिस ने आरोप लगाते हुए गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गाड़ी पर झंडा, स्टीकर व अशोक स्तंभ भी सीज कर दिया गया है।

### टोल से लेकर बाजारों में दिखाता था अपनी धमक

करंट क्राइम। क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम और विजयनगर पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए ओमवीर यादव का एक रिश्तेदार विजयनगर में रहता है। साथ ही इसके कई अन्य लोगों से भी संपर्क हैं। यह टोल टैक्स पर टोल बचाने और बाजार में अपना रौब जमाने के लिए भगवा झंडा और स्टीकर के साथ ही अशोक स्तंभ का इस्तेमाल करता था। पुलिस को इस मामले में शिकायत मिली थी, जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

### लोकल पुलिस ने रोका तो उनको भी दिखाया था रौब

करंट क्राइम : क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम के प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया है कि इनोवा गाड़ी पर आरएसएस का झंडा और स्टीकर लगाकर रौब जमाने वाले ओमवीर को जब स्थानीय पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, तो इसने अपने कई रिश्तेदारों के नाम बताते हुए पुलिस पर भी रौब जाता या लेकिन जब स्थानीय पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने से पूछताछ की तो यह एक के बाद एक सवालों में उलझ गया और इसके फर्जी होने पर पुलिस ने इसके खिलाफ एक्शन ले लिया।

# जीएसटी में बदलाव एक ऐतिहासिक फैसला : रविंद्र त्यागी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सी.एम.डी. कृष्णा ग्रुप ऑफ कंपनी और बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की जल और स्वच्छता समिति के अध्यक्ष एस. रविंद्र त्यागी ने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी में किए गए बदलावों की सराहना करते हुए इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार को इस फैसले के लिए बधाई दी। त्यागी ने बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई जीएसटी काउंसिल की बैठक में जीएसटी में कटौती और आम लोगों को राहत देने पर विस्तार से चर्चा की गई।

उन्होंने आगे कहा कि आम हित और जनहित से जुड़े मुद्दों पर लिए गए ये महत्वपूर्ण निर्णय, आगामी त्योहारों के मौसम से पहले आम आदमी के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालेंगे। त्यागी ने इस बदलाव को आम लोगों के लिए बहुत सुविधाजनक बताया और इस तरह के अच्छे फैसले लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार को एक बार फिर से बधाई दी।

# क्या दीपावली पर मिलेगा देवतुल्यों को सरकारी कृपा वाला गिफ्ट या फिर कहानी में अभी आना बाकी है संगठन में परिवर्तन वाला ट्विस्ट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कार्यकर्ता को भाजपा में देवतुत्य कहा जाता है। जब टिकट मांगने की बात आती है तो सभी से टिकट के लिये कहा जाता है और ये भी कहा जाता है कि टिकट मांगना कार्यकर्ता का हक है। लेकिन जब टिकट को लेकर कृपा वाली बेला होती है तो यहां हक से ज्यादा सियासी लक काम करता है और कई बार तो इस बेला में खेला ही देवतुल्यों के साथ हो जाता है। बात अगर गाजियाबाद की करें तो यहां भाजपा कार्यकताओं की फौज में इस जिले को भगवागढ़ में तब्दील किया है।



ये कार्यकताओं की मेहनत है कि लोकसभा में वर्ष 2014 में सबसे बड़ी जीत यहां की आई थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में बनारस और लखनऊ से बड़ी जीत भाजपा को यहां मिली। देश की सबसे बड़ी विधानसभा साहिबाबाद से भाजपा को सबसे बड़ी जीत मिली है।

सवाल अब ये उठता है कि सरकार का गठन हुए भी तीन साल से ज्यादा हो गए और अब कार्यकर्ता भी इंतजार करते-करते थक चुके हैं। वो सरकारी कृपा का इंतजार कर रहे हैं। जिन्हें निगम चुनाव में टिकट देने के समय ये कहकर कंसोलेशन दिया गया था कि तुम इलेक्शन में मदद करो और नामित के समय तुम्हारे नाम पर गंभीरता से विचार होगा। नामित बन भी गए तो आधा कार्यकाल तो पहले ही निकल चुका है। सरकारी कृपा की बात करें तो जीडीए बोर्ड में अभी तक ना कोई नामित होकर आया है और ना ही कोई नगर निगम से चुनकर पहुंचा है। आखिर कार्यकताओं को कब तक इंतजार करना है। सबसे बड़ी बात ये है कि अब ये देवतुल्य लॉबी ही पूछने लगी है कि आखिर उनकी सियासी किस्मत की चाबी किसके पास है।

आखिर उन्हें कब तक इंतजार करना है और कब तक वो आयामों में लगे रहेंगे। कब उनके घर के बाहर भी किसी सरकारी कृपा वाला बोर्ड लगेगा। अब ये चर्चा तेजी से चल रही है कि क्या दीपावली पर कृपा वाली कोई लिस्ट आएगी। क्या भाजपा संगठन, भाजपा सरकार अपने देवतुल्य कार्यकताओं को कृपा वाला कोई गिफ्ट देगी। यहां पर सबसे बड़ी बात ये है कि कृपा वाले सीन में परिवर्तन वाला पेंच फंस हुआ बताया जाता है। जब तक परिवर्तन नहीं होगा तब तक लिस्ट नहीं आएगी और कृपा तथा परिवर्तन के बीच की कहानी में एक रोचक ट्विस्ट ये भी है कि देवतुल्यों को पालिका पंचायत चुनावों तक इंतजार करना पड़ सकता है।

सूत्र बताते हैं कि पंचायत चुनावों को मौजूदा संगठन की देखरेख में ही संपन्न कराया जा सकता है। इसके बाद एमएलसी चुनाव की तैयारी होगी और ये भी हो सकता है कि दीपावली से टलता हुआ सीन होली तक आ गए।

## ब्राह्मण और वैश्य चेहरों पर पहले हुई है कृपा

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अगर सरकारी कृपा की बात करें तो कृपा का ये बादल वरिष्ठ नेताओं पर बरसा है और इनमें वैश्य और ब्राह्मण चेहरे हैं। दर्जाप्राप्त राज्यमंत्री की बात करें तो राज नारायण शुक्ला के पास पहले भी दर्जाप्राप्त वाली जिम्मेदारी थी और इस पारी में भी उन्हें जिम्मेदारी मिली है। दर्जाप्राप्त राज्यमंत्री की लिस्ट में वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेवराज शर्मा का भी नाम आया। उन्हें भी टैक्निकल एजुकेशन बोर्ड का उपाध्यक्ष बनाया गया था। वैश्य नेताओं में अशोक गोयल को व्यापारी कल्याण फोरम का उपाध्यक्ष बनाया गया है और पवन गोयल को जीडीए बोर्ड सदस्य बनाया गया। यहां पर ओबीसी की बात करें तो अति पिछड़े वर्ग से आने वाले नरेंद्र कश्यप को दो जिम्मेदारियां मिली हैं। वो प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार भी हैं और भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। सरकारी कृपा का बादल यहां किस चेहरे पर मेहरबान होगा, इस लिस्ट में कई नाम हैं और आने वाले समय में इसके संकेत मिलेंगे कि कौन सरकारी कृपा से नवाजा जाता है।

## संपादकीय

# गणपति चले गये अपने गांव!

पिछले ग्यारह दिनों से घर-घर और सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों के मंडपों में विराजमान श्री गणेश आज सभी भक्तों से विदाई लेंगे। २७ अगस्त को ढोल-नगाड़ों और झांझ-मजीरों की ध्वनि के बीच गणपति बाप्पा को बड़ी श्रद्धा और पारंपरिक तरीके से हर जगह स्थापित किया गया था। गणेश जी का आगमन धूम-धाम और गुलाल के साथ हुआ। आज अनंत चतुर्दशी के दिन श्री गणेश को उसी पारंपरिक तरीके से, उत्साह के साथ, ढोल-नगाड़ों और झांझ-मजीरों के साथ विदाई दी जाएगी। गणेशोत्सव के ग्यारह दिन केवल महाराष्ट्र के लिए ही नहीं हैं, बल्कि जहां भी गणेश भक्त और उनके परिवार होते हैं, वहां एक अद्भुत मंगलमय वातावरण होता है। सभी भक्तजन मांगल्य के इस उत्सव में भक्ति में डूब जाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में समाज के अन्य वर्ग भी उत्साह और भक्ति के साथ इस उत्सव में भाग लेने लगे हैं। यही गणेशोत्सव की विशेषता है। लोकमान्य तिलक ने स्वतंत्रता के लिए भारतीयों को एकजुट करने के उद्देश्य से ब्रिटिश काल में गणेशोत्सव को सार्वजनिक रूप दिया था। इस सार्वजनिक गणेश उत्सव का प्रभाव और आस्था भारतीय जनमानस में इतनी गहराई तक समा गई कि आजादी के बाद भी यह उत्सव उसी तरह चलता रहा। समय के साथ इसमें बदलाव जरूर आया। उनमें से कई मुद्दों पर बहस और चर्चा हुई। पर्यावरण से लेकर डीजे के शोरगुल तक ऐसे कई मुद्दे हैं, जिनकी हर गणेशोत्सव के दौरान आलोचना होती है। खासकर सार्वजनिक गणेशोत्सव के बदले स्वरूप को लेकर, कई मंडल अलग-अलग राय रखते हैं। गणेश प्रतिमा की ऊंचाई से लेकर पीओपी प्रतिमाओं पर प्रतिबंध तक, शाडू (मिट्टी) की प्रतिमा पर जोर से लेकर पर्यावरण अनुकूल गणेश प्रतिमाओं तक, हर साल कई मुद्दे उठाए जाते हैं। सार्वजनिक गणेशोत्सव का पहले वाला स्वरूप अब नहीं रहा। इन आपत्तियों का स्वरूप यह है कि अब पहले की तरह जनजागरण, ज्ञानवर्धक कार्यक्रम, व्याख्यान आदि आयोजित नहीं होते। हालांकि, इसमें कुछ हद तक सच्चाई भी है, लेकिन अगर समय के साथ सब कुछ बदला है, गणेशोत्सव के स्वरूप में भी बदलाव अपेक्षित है। हालांकि आज व्याख्यान आदि आयोजित नहीं होते, फिर भी गणेशोत्सव मंडल विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का काम करते ही रहते हैं। हम इस तथ्य को वैष्ठसे नजरअंदाज कर सकते हैं कि कई बड़े मंडल आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंदों को आर्थिक और चिकित्सा सहायता जैसे धर्मार्थ कार्य और सामाजिक गतिविधियां भी जारी रखे हैं? लेकिन यह भी सही है कि मंडलों को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि उत्सव का अत्यधिक दिखावटीपन और उथलापन और उत्साह समय के साथ हावी न हो जाए। हाल के वर्षों में कई सकारात्मक बदलाव आए हैं और आवश्यक सुधारों के साथ गणेशोत्सव मनाने की परंपरा पीढ़ी-दर-पीढ़ी बिना किसी बाधा के साथ चली आ रही है। लोकमान्य तिलक ने सामाजिक एकता के जिस उद्देश्य से इस उत्सव की शुरुआत की थी, वह आज भी गणेशोत्सव में साकार हो रहा है।

# 'वास्तविक वृद्धि लक्ष्य पूरा होगा, जीडीपी में थोड़ी गिरावट संभव'

## विकास दर को लेकर सरकार का आकलन

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष में महंगाई कम रहने की उम्मीद के चलते बजट में अनुमानित 10.1% नॉमिनल जीडीपी वृद्धि से थोड़ी गिरावट हो सकती है। हालांकि, उन्होंने भरोसा जताया कि वास्तविक जीडीपी का लक्ष्य 6.3% से 6.8% के बीच जरूर पूरा होगा। इस दौरान नॉमिनल जीडीपी और वास्तविक जीडीपी में अंतर पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि नॉमिनल जीडीपी में महंगाई का प्रभाव शामिल होता है, जिससे कीमतें बढ़ने पर जीडीपी अधिक दिखाई देती है। वहीं, वास्तविक जीडीपी महंगाई को समायोजित करके तैयार की जाती है, जिससे अर्थव्यवस्था की असल स्थिति सामने आती है।

### देश में महंगाई कम होने की संभाना

नागेश्वरन ने आगे जीडीपी के नए दरों से देश में महंगाई कम होने की संभावनाओं पर जोर दिया। इसका कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे महंगाई दर कम होगी क्योंकि खरीफ फसल अच्छी रहने की उम्मीद है और जीएसटी परिषद ने हाल ही में 400 से अधिक वस्तुओं पर टैक्स घटाया है, जिससे कीमतें नीचे आएंगी। साथ ही, फरवरी के बजट में दिए गए इनकम टैक्स राहत से आम लोगों की जेब में ज्यादा पैसा बचेगा, जिससे घरेलू खपत में इजाफा होगा।



### जीएसटी सुधारों पर क्या बोले नागेश्वरन?

इसके अलावा जीएसटी सुधारों पर बोलते हुए नागेश्वरन ने कहा कि इस बार जीएसटी दरों को चार से घटाकर दो किया गया है और प्रक्रियाएं भी सरल की गई हैं। इससे ना सिर्फ खुदरा (इ2उ), बल्कि व्यवसाय से व्यवसाय (इ2इ) लेनदेन पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि मजबूत घरेलू मांग और नीतिगत सुधारों के चलते भारत की आर्थिक वृद्धि की रफ्तार आगे भी बनी रहेगी, भले ही वैश्विक चुनौतियां कुछ हद तक असर डालें।

### अमेरिकी टैरिफ को लेकर क्या बोले नागेश्वरन?

हालांकि, दूसरी ओर उन्होंने इस बात को लेकर भी चेतावनी दी कि अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50% तक का टैरिफ लगाने से दूसरी तिमाही में कुछ दबाव आ सकता है। अमेरिका ने यह कदम भारत द्वारा रूस से कच्चा तेल खरीदने और कुछ पुराने व्यापार अवरोधों को न हटाने के चलते उठाया है।

### कैसे मिलेगी आर्थिक गतिविधियों को रफ्तार

इसके साथ ही आगे नागेश्वरन ने बताया कि वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 8.8% की नॉमिनल जीडीपी वृद्धि दर्ज हुई है, जो पहले की उम्मीद (8% से 8.5%) से बेहतर रही। उन्होंने कहा कि कम महंगाई और कर राहत से उपभोग बढ़ेगा, जिससे आर्थिक गतिविधियों को रफ्तार मिलेगी।

# एचएएल ने हेलीकॉप्टर में तकनीकी खामी की रिपोर्ट्स खारिज की

## बयान में कहा- ये रूटीन जांच का हिस्सा

**नई दिल्ली।** एचएएल ने बयान में कहा है कि 'एचएएल हेलीकॉप्टर्स, भारतीय सशस्त्र बलों, तटरक्षक बल और सिविल ऑपरेटरों के साथ दो दशकों से अधिक समय से सेवा में है। इसने ऊंचाई वाले हिमालयी क्षेत्रों से लेकर तटीय वातावरणों तक, विषम इलाकों में सफल संचालन किया है।' हालिया एक मीडिया रिपोर्ट में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के हेलीकॉप्टर्स में तकनीकी खामी का मामला उठाया गया था। अब उसे लेकर कंपनी ने बयान जारी किया है और मीडिया रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। एचएएल ने बयान में कहा कि 'यह स्पष्टीकरण 6 सितंबर 2025 को एक समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों के संदर्भ में है। दुर्भाग्य से, ये लेख भ्रामक टिप्पणियों के साथ एकतरफा दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। वन-टाइम चेक (ओटीसी) एक नियमित रखरखाव प्रक्रिया है जो टेल ड्राइव शाफ्ट (टीडीएस) में किसी खराबी के बाद की जाती है।



### एचएएल के ध्रुव हेलीकॉप्टर के पास चार लाख घंटे उड़ान का अनुभव

एचएएल ने कहा कि 'हेलीकॉप्टर्स की निरंतर उड़ान योग्यता के लिए रखरखाव संबंधी पहलू महत्वपूर्ण हैं और इस बात पर जोर देता है कि सभी रखरखाव निदेर्शों का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए।' एएलएच ने बयान में कहा कि 'एचएएल के ध्रुव हेलीकॉप्टर के बेड़े के पास 4.5 लाख घंटे से अधिक समय तक उड़ान भरने का अनुभव है और भारतीय सशस्त्र बलों, तटरक्षक बल और सिविल ऑपरेटरों के साथ दो दशकों से अधिक समय से सेवा में है। इसने ऊंचाई वाले हिमालयी क्षेत्रों से लेकर तटीय वातावरणों तक, विषम इलाकों में सफल संचालन किया है। बाढ़ बचाव कार्यों और विभिन्न अलग-अलग ऑपरेशनों में एचएएल के हेलीकॉप्टर्स का इस्तेमाल हुआ है। इनमें उच्च जोखिम वाले बचाव अभियान भी शामिल हैं।'

# फुटवियर-एफएमसीजी और ग्रॉसरी रिटेलर्स को सबसे ज्यादा होगा फायदा




**नई दिल्ली।** बर्नस्टीन रिपोर्ट के मुताबिक सबसे चौंकाने वाला कदम व्यक्तिगत देखभाल और घरेलू उपभोग वस्तुओं जैसे साबुन, शैंपू, हेयर ऑयल, पाउडर और टूथपेस्ट पर जीएसटी दर को 12%/18% से घटाकर 5% करना है। इससे एफएमसीजी कंपनियों को तुरंत मूल्य निर्धारण (प्राइसिंग) में राहत मिलेगी और उपभोक्ताओं से वसूले जाने वाले कुल मूल्य का बड़ा हिस्सा उनके पास रहेगा।

वैश्विक वित्तीय सेवा कंपनी बर्नस्टीन ने कहा है कि हाल में किए गए व्यापक जीएसटी सुधार भारत की खपत को नए स्तर तक ले जाएंगे। रिपोर्ट में विशेष रूप से फुटवियर, क्विक सर्विस रेस्टोरेंट्स, एफएमसीजी और ग्रॉसरी रिटेलर्स के लिए इसे सबसे बड़ा सकारात्मक बदलाव बताया गया है। बर्नस्टीन रिपोर्ट के मुताबिक सबसे चौंकाने वाला कदम व्यक्तिगत देखभाल और घरेलू उपभोग वस्तुओं जैसे साबुन, शैंपू, हेयर ऑयल, पाउडर और टूथपेस्ट पर जीएसटी दर को 12%/18% से घटाकर 5% करना है। इससे एफएमसीजी कंपनियों को तुरंत मूल्य निर्धारण (प्राइसिंग) में राहत मिलेगी और उपभोक्ताओं से वसूले जाने वाले कुल मूल्य का बड़ा हिस्सा उनके पास रहेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि डीमार्ट, विशाल मेगा मार्ट और स्टार (ट्रेंट का हिस्सा) जैसे ग्रॉसरी रिटेलर्स और क्विक कॉमर्स फर्म्स को इससे सर्वाधिक फायदा मिलेगा, क्योंकि उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें घटने से मांग और तेज होगी।

अब सुधार के बाद 1000 से 2500 रुपये तक के अपैरल और फुटवियर दोनों पर जीएसटी सिर्फ 5% रहेगा। हालांकि, 2500 रुपये से ऊपर के अपैरल पर जीएसटी 12% से बढ़ाकर 18% कर दिया गया है।

### परिधान पर दिखेगा असर

फुटवियर और अपैरल पर जीएसटी ढांचे को भी बदला गया है। पहले 1000 रुपये से कम मूल्य के अपैरल पर 5% और फुटवियर पर 12% जीएसटी लगता था। 1000 रुपये से ऊपर के अपैरल पर 12% और फुटवियर पर 18% दर लागू थी।

# 2032 तक ऊर्जा क्षेत्र में 60 अरब डॉलर का निवेश करेगा अदाणी समूह, जुलाई में कोयला आयात में गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक दवा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने चेन्नई में ग्लोबल इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी सेंटर (जीआईटीसी) का विस्तार करने के लिए 176 करोड़ के निवेश की घोषणा की। यह पिछले दो साल में भारत में तीसरा निवेश है। कंपनी ने कहा कि यह निवेश जीआईटीसी को वैश्विक और देश में स्वास्थ्य सेवा नवाचार में एक अग्रणी के रूप में स्थिति मजबूत करने में मदद करेगा। एस्ट्राजेनेका इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शिव पद्मनाभन ने कहा कि चेन्नई एक महत्वपूर्ण नवाचार हब के रूप में विकसित हो रहा है। यह निवेश एआई, डाटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग और डाटा साइंस जैसे क्षेत्रों में कंपनी की टीम को बढ़ावा देगा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के हवाले से जारी बयान में कहा गया कि यह अतिरिक्त निवेश राज्य के लिए कुशल अवसर पैदा करेगा।



### कर्नाटक : आईएमएफ ने निवेश समेत कई मुद्दों पर की चर्चा

वार्षिक परामर्श के तहत भारत दौरे पर आए अमेरिका के आईएमएफ प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को कर्नाटक की मुख्य सचिव शालिनी रजनीश से मुलाकात की। अधिकारियों ने बताया कि वाशिंगटन डीसी से आई अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की टीम व्यापक आर्थिक विकास पर कड़ी नजर रखती है। यह वित्त मंत्रालय, भारतीय रिजर्व बैंक और अन्य सरकारी अधिकारियों को नीतिगत सलाह देती है। आधिकारिक बयान के अनुसार, कर्नाटक सरकार की अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं विकास आयुक्त उमा महादेवन भी मुख्य सचिव के साथ टीम की बैठक में उपस्थित थीं। निवेश आकर्षित करने, राजकोषीय स्थिरता बनाए रखने व मानव पूंजी को मजबूत करने से लेकर जलवायु-केंद्रित नीतियों को आगे बढ़ाने तक की संरचनात्मक चुनौतियों पर चर्चा हुई।

## रोचक तथ्यों का करंट

- कुछ साँप दो साल तक भोजन के बिना जीवित रह सकते हैं।
- कोअला भालू लगभग अनन्य रूप से केवल नीलगिरी के पत्ते और कुछ और नहीं खाते हैं।
- साँप हर साल 10,000 लोगों को मारते हैं।
- एक चींटी विद्रोह से सावधान रहें! दुनिया में हर इंसान के लिए दस लाख चींटियां हैं। ये लचीले प्राणी कभी भी सोते नहीं हैं और इनके फेफड़े भी नहीं होते हैं।
- तितलियों में दो मिश्रित आँखें हैं जिनमें हजारों लेंस होते हैं, फिर भी वे लाल, हरे और पीले रंगों को देख सकती हैं।
- क्या आपको पता है, शुतुरमुर्ग की ठोकर एक मानव को मार सकती है। एक ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं।
- सींग वाली छिपकलियां खुद को बचाने के लिए अपनी आँखों से बाहर खून फेंक सकतीं हैं।
- हाथी केवल प्रत्येक दिन 2 से 3 घंटे सोते हैं।
- डॉलफिन एक समय में अपने मस्तिष्क के केवल आधे हिस्से के साथ सोते हुए 15 दिनों या उससे अधिक समय तक सक्रिय रह सकते हैं।

## राशिफल

**मेष :** अपने दोस्त के साथ समय बिताएंगे। मित्र से कोई उपहार मिल सकता है। नए प्रेम संबंध बन सकते हैं। जीवन साथी के लिए समय निकालें अन्यथा विवाद हो सकता है।

**वृष :** मन भ्रमित है। पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा। अपने पार्टनर के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताएं। मन प्रसन्न रहेगा। तनाव दूर होगा।

**मिथुन :** आज का दिन अच्छा है। अगर आपकी इच्छा कामकाजी जीवन साथी की है तो आपकी मनोकामना पूरी होने का समय आ गया है।

**कर्क :** आपके पार्टनर के साथ राय, राय या जीवन शैली में मतभेद हो सकता है। अपने प्रियजन को समझें। कुछ दिलचस्प बातों से आपसी तनाव दूर करें।

**सिंह :** पत्नी की तबीयत बिगड़ सकती है। खांसी खांसी से परेशान हो सकती है। प्रेम संबंधों में और अधिक पाने की इच्छा आपको विचलित कर सकती है।

**कन्या :** धन संबंधी परेशानियां आपको अपनों से दूर रखें। जो लोग प्रेम विवाह करना चाहते हैं उनके लिए आज का दिन अच्छा है। माता-पिता को मनाना पड़ सकता है।

**तुला :** दोस्त या भाई, बहन से लड़ाई हो सकती है। अपने प्रेमी की इच्छाओं का ध्यान रखें और उसे पूरा सम्मान दें अन्यथा दूरियां बढ़ सकती हैं।

**वृश्चिक :** जीवन में कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। अनिश्चितता रहेगी। जीवन में सामंजस्य बिठाने के लिए पार्टनर के साथ माहौल को अनुकूल बनाने की कोशिश करें।

**धनु :** अप्रिय आचरण और किसी प्रियजन द्वारा असहज स्थिति पैदा करना निश्चित रूप से आपको निराश करेगा। परिवार का पूरा सहयोग आपको मिलेगा।

**मकर :** सगाई हो रही है। कामकाजी पत्नी मिलने की संभावना है। मनचाहा जीवनसाथी पाने की इच्छा पूरी हो सकती है।

**कुंभ :** आप अपने परिवार से दूर जा सकते हैं। ट्रांसफर हो सकता है। वैवाहिक संबंधों में दरार आ सकती है। विवाह में देरी हो सकती है।

**मीन :** अविश्वास आपके रिश्ते में दरार पैदा करेगा। मन अशांत रहेगा। जीवनसाथी का स्वास्थ्य चिंता का कारण बन सकता है।

## चुटकुले

पत्नी : सुनो जी, मुझे एक तोहफा चाहिए!
पति : कैसा तोहफा?
पत्नी : ऐसा जो मुझे खुश कर दे!
पति : लो, ये आईना ले लो!

दोस्त : भाई, तेरे पास दिमाग है?
गोलू : हाँ, लेकिन ऑफलाइन मोड में है।
दोस्त : मतलब?
गोलू : मतलब सोचने के लिए नेट पैक रिचार्ज चाहिए!

मरीज : डॉक्टर साहब, मुझे नींद नहीं आती!
डॉक्टर : रात को किताब पढ़ा करो।
मरीज : पढ़ता हूँ, पर नींद नहीं आती।
डॉक्टर : तो फिर अपनी मार्कशीट देख लिया करो!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# पीड़िता से मारपीट कर गर्भपात कराने वाली महिला गिरफ्तार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना वेव सिटी पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है, जिस पर पीड़िता के साथ मारपीट कर गर्भपात कराने का गंभीर आरोप है।

पुलिस के अनुसार 24 अगस्त को थाना वेव सिटी पर दी गई तहरीर में पीड़िता की बहन के ससुराल पक्ष पर रुपए की मांग को लेकर विवाद के बाद मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान मेडिकल रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर यह तथ्य सामने आया कि मारपीट के चलते पीड़िता का गर्भपात हो गया। इसके बाद मुकदमे में धारा 91 बीएनएस की बढ़ोतरी की गई और आरोपियों की तलाश शुरू हुई। रविवार को पुलिस टीम ने आरोपित महिला परवीन मोहल्ला कुरैशीयन, कुरैशी मस्जिद, थाना जानी, जनपद मेरठ, उम्र 50 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि पीड़िता उसकी पुत्रवधू है और उसके साथ घरेलू विवाद के चलते कई बार झगड़ा होता रहा। एक दिन गाजियाबाद आने पर उसने पीड़िता के साथ मारपीट की, जिससे उसका गर्भपात हो गया।

फिलहाल आरोपित के खिलाफ थाना वेव सिटी में मुकदमा दर्ज है और विधिक कार्रवाई जारी है।

# नेहरू युवा केंद्र में ग्रीन बेल्ट ग्रेडेशन का आयोजन, खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र गाजियाबाद में रविवार को ग्रीन बेल्ट ग्रेडेशन का आयोजन किया गया। इस मौके पर कोच रंजीत शाह ने खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मार्शल आर्ट डिफेंस आत्मरक्षा का सबसे उत्तम खेल है। सचिव जगत प्रकाश शर्मा ने कहा कि खिलाड़ियों को निष्ठा लगन और मेहनत के साथ इस खेल में भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर अनिल शर्मा, रंजीत साहा, अशोक तिवारी, लक्ष्मी साहा उपस्थित थे। दिव्या साहा को ग्रीन बेल्ट, प्रियंका को ऑरेंज, ईशा को रेड, रूही, पीहू और सोनू को रेड, आयुष, शौर्य, अलीना और वंश को भी रेड बेल्ट देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा नब्या, अंकित एवं आदि को भी रेड बेल्ट से सम्मानित किया गया।

# विश्व फिजियोथैरेपी दिवस पर
# आईएपी की गाजियाबाद शाखा ने वृद्ध आश्रम में स्वास्थ्य किट और जरूरी सामग्री वितरित की





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विश्व फिजियोथैरेपी दिवस 2025 के अवसर पर द इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथैरेपिस्ट्स (आईएपी) गाजियाबाद एवं आईएपी वूमेन सेल द्वारा दुहाई स्थित अशर्फी ग्राम उद्योग संस्थान आवासीय वृद्ध आश्रम में डोनेशन एवं विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ अनिल अग्रवाल एवं वरिष्ठ पत्रकार व कवि राज कौशिक ने कैंप का शुभारंभ कर वृद्ध जनों को स्वास्थ्य की देखभाल व जांच के जरूरी उपकरण वितरित किए।



वृद्धाश्रम में दिए गए सामान में बीपी मशीन, शुगर मशीन, नेबुलाइजर, कॉटन गोज, बेटाडिन, डायपर, वॉकर स्टिक, कपड़े, ब्रश, ऑयल, शैंपू, स्टीम वापोराइजर आदि शामिल हैं।

# अशोक वाटिका में टूटी सड़क को लेकर हंगामा, वजीराबाद रोड जाम
## मौके पर पुलिस बल ने लोगों को समझाया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना टीला मोड़ क्षेत्र के अशोक वाटिका, गरिमा गार्डन कॉलोनी में रविवार को सड़क और सीवर लाइन कार्य को लेकर हंगामा खड़ा हो गया। कॉलोनीवासियों ने दिल्ली-वजीराबाद मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीवर लाइन डालने के लिए महीनों पहले सड़क खोदी गई थी, लेकिन अब तक सड़क दोबारा नहीं बनाई गई। रविवार को एक कॉन्ट्रैक्टर जेसीबी मशीन लेकर मौके पर पहुंचा और गड्ढे खोदने लगा। इसे देखकर कॉलोनीवासियों ने विरोध किया और मशीन को रुकवा दिया।

लोगों का कहना है कि खराब सड़क और गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बच्चों और बुजुर्गों को आने-जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन और संबंधित विभाग की लापरवाही से नाराज लोगों ने हंगामा करते हुए वजीराबाद रोड को जाम कर दिया।

# अग्निशमन सुरक्षा संयंत्र को आरडब्ल्यूए को हैंडोवर नहीं करने के विरोध में सदस्यों ने किया प्रदर्शन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सिद्धार्थ विहार स्थित गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट के रेजिडेंट्स की ओर से रविवार को आवास विकास परिषद और अग्निशमन कार्यालय गाजियाबाद के विरुद्ध प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष ए एन त्रिपाठी ने बताया आवास विकास परिषद विद्युत खंड 2 द्वारा आज तक अग्निशमन सुरक्षा संयंत्र आरडब्ल्यूए को हैंडओवर नहीं किया गया है। हैंडओवर नहीं करने का प्रमुख कारण है आवास विकास परिषद के विद्युत खंड 2 द्वारा जुलाई 2024 में गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट के फायर फाइटिंग सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए जो रु 42 लाख का टेंडर किया गया और टेंडर उपरांत वेंडर भी नियुक्त हो चुका उस पर धरातल पर आज तक कार्य नहीं हुआ। सचिव अतुल रॉय ने बताया गाजियाबाद अग्नि शमन विभाग द्वारा जिस ऋ4 टॉवर की एनओसी आवास विकास परिषद को दी गई थी उसी में अग्नि कांड भी हुआ था। उसके बावजूद अग्निशमन अधिकारी शेषनाथ यादव ने गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट की फायर फाइटिंग एनओसी नहीं होने के लिए केवल आरडब्ल्यूए को जिम्मेदार मानते हुए आर डब्ल्यूए पर गाजियाबाद न्यायालय में केस दर्ज कर दिया है। मीडिया प्रभारी कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया रु 42 लाख के घोटाले में लिप्त आवास विकास परिषद का विद्युत खंड 2 और उसे क्लीन चिट देने वाले अग्निशमन कार्यालय की मिलीभगत से गंगा यमुना हिंडन सोसाइटी अग्नि शमन सुरक्षा संयंत्र के अभाव में अधर में लटकी हुई है। विरोध प्रदर्शन में उपाध्यक्ष रंजन, संयुक्त सचिन देवेंद्र पाल, अमित मिश्रा, शंकरलाल वत्स, नीरज पांडे, सतेंद्र चौहान, शैलेश सिंह, विजय चावला, नीरज कुशवाहा, मोहम्मद अंसारी आदि मौजूद रहे।

# ऋषिकुलशाला ने मनाया वार्षिकोत्सव, शिक्षा और संस्कार से वंचित बच्चों को मुख्यधारा में लाने का लिया संकल्प





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शिक्षा ही वह साधन है जो किसी भी राष्ट्र को विश्व गुरु बना सकता है। यह तभी संभव है जब समाज के हर वर्ग, विशेषकर वंचित बच्चों तक शिक्षा का प्रकाश पहुँचे। इसी उद्देश्य को लेकर पावन चिंतन धारा आश्रम के संस्थापक डॉ. पवन सिन्हा गुरू ने अनौपचारिक विद्यालय के रूप 'ऋषिकुलशाला' प्रकल्प आरंभ किया। गाज़ियाबाद के पिपलेश्वर महादेव मंदिर, राजनगर एक्सटेंशन में रविवार को इसका वार्षिकोत्सव मनाया गया।



डॉ. पवन सिन्हा गुरूजी ने अपने संबोधन में कहा कि आज भी देश में साढ़े चार करोड़ बच्चे शिक्षा से वंचित हैं। उनकी आँखों में सपनों की रौशनी है और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह बुझने न पाए। समाज का हर वर्ग आगे आए और इन बच्चों की शिक्षा में सहयोग देकर सच्चा राष्ट्रभक्त बने।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ऑल इंडिपेंडेंट स्कूल ऑफ फेडरेशन के अध्यक्ष रामावतार जिंदल, वरिष्ठ समाजसेवी अनिल साँवरिया, देवेंद्र हितकारी, मंदिर समिति के अनिल तोमर, अनिल शर्मा तथा राजीव त्यागी, बबिता त्यागी उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और ऋषिकुलशाला द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

# स्वर्ण जयंती पार्क के सामने अतिक्रमण हटाने के बाद सड़क हुई साफ, इंदिरापुरम पुलिस का दिखा असर







**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** ट्रांस हिडन जोन की थाना इंदिरापुरम पुलिस ने शनिवार को स्वर्ण जयंती पार्क के सामने सड़क पर लगे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया। पुलिस की चेतावनी के बाद अतिक्रमणकारियों ने रविवार को स्वयं वहां से कब्जा हटाया और अब सड़क पूरी तरह खाली और साफ नजर आ रही है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि जनता की सुविधा और सुचारू यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह कार्रवाई की गई थी। उन्होंने बताया कि अतिक्रमणकारियों ने पुलिस की चेतावनी के बाद सहयोग किया और जगह खाली कर दी, जिससे यह साफ हुआ कि कानून का पालन सभी के लिए अनिवार्य है।

थाना इंदिरापुरम पुलिस ने अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी दी थी कि सार्वजनिक मार्गों पर कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्रवाई के तुरंत बाद सड़क खुली और यातायात सुचारू रूप से बहने लगा। पुलिस ने कहा है कि क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी प्रकार के नियम उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, ताकि सार्वजनिक जगहें सुरक्षित और सभी के लिए उपलब्ध रहें।

# खोड़ा थाना क्षेत्र में महिला की हत्या, आरोपी पति गिरफ्तार
## पारिवारिक क्लेश बना हत्या की वजह

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ट्रांस हिंडन जोन के थाना खोड़ा क्षेत्र में शनिवार को एक महिला का शव उसके घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही थाना खोड़ा पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।



प्रारंभिक जांच के बाद परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि महिला की हत्या उसके पति अर्जुन ने गला दबाकर की थी। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पूछताछ और साक्ष्यों से यह स्पष्ट हुआ है कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। इन्हीं पारिवारिक कलह के चलते पति अर्जुन ने पत्नी की हत्या की। उन्होंने कहा कि आरोपी से पूछताछ जारी है और प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई

### पति-पत्नी में झगड़ा बना हत्या की वजह

**करंट क्राइम :** पुलिस जांच में सामने आया कि मृतका और उसके पति अर्जुन के बीच लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। आए दिन होने वाले झगड़े ने हत्या का रूप ले लिया।

# शालीमार गार्डन पुलिस ने सड़कों पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र में डेढ़ सो फूटा रोड से अस्सी फूटा रोड तक पुलिस ने सड़कों पर अतिक्रमण के खिलाफ कड़ा अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह, ट्रैफिक इंस्पेक्टर संतोष कुमार और थाना प्रभारी बृजेश कुमार ने किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण हटाए गए और लोगों को कानून का पालन करने के लिए चेतावनी दी गई। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे और अगले अभियान में नगर निगम की टीम भी शामिल होगी, ताकि सड़कें जनता के लिए पूरी तरह से सुरक्षित और मुक्त रहें।

# महिला एकल का खिताब बेलारूस की सबालेंका के नाम, अमेरिकी युवा सनसनी अनिसिमोवा को हराया

**वाशिंगटन।** यूएस ओपन में महिला एकल का खिताबी मुकाबला बेलारूस की एरिना सबालेंका और अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा के बीच न्यूयॉर्क में खेला गया। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका की नजर अपने चौथे ग्रैंड स्लैम खिताब पर थी। अनिसिमोवा अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतना चाहती थीं। पहले सेट में कड़े संघर्ष के बाद सबालेंका ने अपने अनुभव का भरपूर इस्तेमाल किया और अनिसिमोवा को 6-3 से मात दी। इसी के साथ एक रोचक तथ्य ये भी सामने आया कि एरिना सबालेंका ने अब तक अपने तीनों यूएस ओपन फाइनल में पहला सेट जीतकर मुकाबले का आगाज किया। अंत में सबालेंका बीस साबित हुईं और उन्होंने अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी को पटखनी देकर खिताब अपने नाम किया।



**प्रतिद्वंद्वी को सीधे सेट में पटखनी, आंखों से छलकी जीत की खुशी**

दूसरे सेट में भी सलाबेंका अमेरिकी युवा अनिसिमोवा से बीस साबित हुईं। यहां भी उन्होंने 6-3 से मुकाबला जीता और फाइनल मुकाबला सीधे सेट के बाद समाप्त हो गया। जीत के बाद सबालेंका काफी भावुक दिखीं और उन्होंने प्रशंसकों के साथ-साथ अपने परिजनों के बीच इस शानदार जीत का जश्न मनाया।

इससे पहले इस टूनार्मेंट के महिला युगल फाइनल का खिताब न्यूजीलैंड की एरिन रूटलिफ (बाएं) और कनाडा की गैब्रिएला डाब्रोव्स्की की जोड़ी ने जीता। इस प्रतिष्ठित ग्रैंड स्लैम टूनामेंट में बेल्जियम की जेलिन वैंड्रोमे ने यूएस ओपन जूनियर गर्ल्स सिंगल्स फाइनल में स्वीडन की ली निल्सन को हराया। टेनिस चैंपियनशिप जीतने के बाद चैंपियनशिप ट्रॉफी को चूमने की उनकी तस्वीर सामने आई। न्यूयॉर्क में खेले गए यूएस ओपन टेनिस चैंपियनशिप के एकल वर्ग (बॉयज) फाइनल में बुल्गारिया के इवान इवानोव ने बुल्गारिया के ही अलेक्जेंडर वासिलेव को हराने के बाद खिताब अपने नाम किया।

# 5 चौके और 5 छक्के....नहीं थम रहा पोलार्ड का तूफान, 17 गेंदों में पूरा किया अर्धशतक

**वेस्टइंडीज।** वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड ने कैरिबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) के मुकाबले में धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। गयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में शनिवार को खेले गए मैच में पोलार्ड ने गयाना अमेजन वॉरियर्स के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए महज 18 गेंदों पर नाबाद 54 रन जड़े।

पोलार्ड ने अपनी आतिशी पारी में पांच चौके और इतने ही छक्के लगाए। खास बात यह रही कि उन्होंने सिर्फ 17 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। पारी के आखिरी ओवर में रोमारियो शेफर्ड की गेंदबाजी पर पोलार्ड ने लगातार दो छक्के जड़े, फिर चौका लगाकर पचासा पूरा किया और अंतिम गेंद पर भी चौका मारा। उनकी इस पारी की बदौलत टीकेआर ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 167 का स्कोर खड़ा किया।



यह पोलार्ड का मौजूदा सीजन का तीसरा अर्धशतक है। इससे पहले उन्होंने एक सितंबर को तरौबा में सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के खिलाफ 29 गेंदों पर 65 रन बनाए थे और 23 अगस्त को ग्रोस आइलेट में सेंट लूसिया किंग्स के खिलाफ भी 65 रन (29 गेंदों पर) की तेज पारी खेली थी। पोलार्ड ने आंद्रे रसेल के साथ मिलकर अंतिम दो ओवरों में 40 रनों की नाबाद साझेदारी भी की। अब तक सीपीएल के मौजूदा सत्र में पोलार्ड ने नौ मैचों में कुल 291 रन बना लिए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 25 छक्के और 20 चौके निकले हैं। इसी के साथ पोलार्ड सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। गौरतलब है कि सीपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड एविन लुईस के नाम है, जिन्होंने 2021 में सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के लिए 38 छक्के लगाए थे।

मुकाबले की बात करें तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ट्रिनिबागो नाइट राइडर्स ने पोलार्ड की अर्धशतकीय पारी की मदद से पांच विकेट पर 167 रन बनाए। जवाब में गयाना अमेजन वॉरियर्स ने 19.5 ओवर में सात विकेट पर 168 रन बनाए और तीन विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। उनके लिए शाई होप ने 53 रनों की तूफानी पारी खेली।

# अउआ के रजत जयंती समारोह को दिया गया अंतिम रूप

## मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने आगमन की स्वीकृति दी

### विश्वप्रसिद्ध नृत्यांगना नलिनी कमलिनी बनेंगी मुख्य आकर्षण




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय पुराछात्र संघ (अउआ) के त्रिमूर्ति भवन स्थित प्रधानमंत्री संग्राहल सभागार में आयोजित होने वाले रजत जयंती समारोह में देश के मूर्धन्य विद्वानों ने आने की सहमति दी है। समारोह आगामी 5 अक्टूबर को होगा और इसके मुख्य अतिथि एम्स गोरखपुर के अध्यक्ष व राज्यसभा के पूर्व महासचिव देश दीपक वर्मा होंगे। समारोह में विश्वप्रसिद्ध नृत्यांगना नलिनी कमलिनी मुख्य आकर्षण का केन्द्र होंगी।

अउआ की कल देर शाम हुई कार्यकारिणी बैठक में रजत जयंती समारोह के कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया। संस्था के अध्यक्ष गाजियाबाद के पूर्व मुख्य नगर आयुक्त एस के सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में मुख्य रूप से महासचिव यूपी की पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त डॉ. शिखा दरबारी, मोदीनगर के गिन्नीदेवी डिग्री कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्या डॉ. रीता बख्शी, एएलटी सेंटर के पूर्व महाप्रबंधक एम के सेठ, वरिष्ठ अधिवक्ता डीसी श्रीवास्तव व रमेश तिवारी, कोषाध्यक्ष व उद्योगपति विकास शर्मा व गौरव चन्द्रा, वरिष्ठ पत्रकार अजय औदीच्य, प्रगति बिल्डर्स के प्रबंधक आलोक सिन्हा और एलाइड एण्ड ईवेंन्ट कंपनी के एमडी रजनीश कर्णवाल ने हिस्सा लिया।

बैठक में डॉ. दरबारी ने बताया कि मुख्य अतिथि के अलावा ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के चेयरमैन संजय जैन और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के महासचिव भरत लाल भी रजत जयंती समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। तीनों विभूतियां इलाहाबाद विश्वविद्यालय के ही पूर्वछात्र हैं। इसके अलावा विश्वप्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना नलिनी कमलिनी अपने नृत्य से समारोह का आकर्षण बढ़ाएंगी। समारोह में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से शिक्षाप्राप्त देश-विदेश के तमाम ब्यूरोक्रेट्स, आईएएस, पीसीएस, उद्यमी, पत्रकार, शिक्षाविद् और विधिवेत्ता, कलाकार हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम 5 अक्टूबर को ठीक 11 बजे शुरू होगा। इसमें पुराछात्रों के संस्मरण और सम-सामयिक विषयों पर विद्वानों के विचार सुनने को मिलेंगे। मुख्य आकर्षण अउआ की स्मारिका ह्यत्रिपथगाह्ल का विमोचन होगा, जिसे वरिष्ठ पत्रकार अजय औदीच्य ने संपादित किया है। इसमें पुराछात्रों के संस्मरण, साहित्यकारों, अधिकारियों और शिक्षाविदों के लेख, संस्मरण व काव्य रचनाएं प्रकाशित की गई हैं।

# इंदिरापुरम न्याय खंड-1 में शराब के ठेके के खिलाफ लोगों का विरोध प्रदर्शन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के न्याय खंड प्रथम, में रिहायशी इलाके में शराब का ठेका खुलने से लोगों में भय और रोष व्याप्त है। इलाके के निवासियों का कहना है कि इससे असामाजिक तत्वों का घूमना खुले आम हो जाएगा और इलाके में अपराध की घटनाएं बढ़ सकती हैं। मनोज ठाकुर ने ठेका को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की है और जल्द ही जिलाधिकारी व एसीपी से मिलने का निर्णय लिया है। अगर सरकार की तरफ से कार्रवाई नहीं होती है, तो रविवार को भारी संख्या में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया जाएगा। आसपास के इलाके में पहले से ही अतिक्रमण और झपटमारी जैसी समस्याएं हैं। लोगों का कहना है कि शराब की दुकान खुलने से इलाके की स्थिति और भी खराब हो जाएगी। इस मौके पर मनीषा भूषण, ज्योत्सना शर्मा, रितिका गौड़, राकेश पांडे, अमित सचान, जुगल बग्गा, शैलेश, आशीष तोमर, विनोद गुप्ता, मानसी खंडेलवाल, अविनाश आदि शामिल थे। उन्होंने ठेका को अन्यत्र स्थानांतरित करने के लिए अधिकारियों से मुलाकात करने का निर्णय लिया है। वही इस मामले को लेकर पूर्व पार्षद मीना भंडारी द्वारा लगातार शराब के ठेके के विरोध में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। और मंत्री से लेकर अधिकारियों तक बंद शराब के ठेके को बंद करने की करने की मांग कर रही है।





# इंस्पायरिंग भारत इन्फ्लुएंसर मीट 2025 का सफल आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मोहनगर स्थित आई.टी.एस. कॉलेज, मोहन नगर में 'इंस्पायरिंग भारत इन्फ्लुएंसर मीट 2025' का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष हेतु लिए गए 'पंच संकल्प' की विचारधारा को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाना है।

कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हरनंदी महानगर के सह प्रचार प्रमुख हरिशचंद्र द्वारा गाए गए गीत और अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन से हुई। इसके बाद, गाजियाबाद के सह प्रचार प्रमुख आशीष राय ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में दो मुख्य पैनल चचाएँ हुईं, जिनमें 'पंच संकल्प' की विचारधारा पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने 'स्व', 'कुटुम्ब प्रबोधन', 'सामाजिक समरसता', 'नागरिक कर्तव्य' और 'पर्यावरण संरक्षण' पर अपने विचार साझा किए।





तृप्ति श्रीवास्तव ने कहा कि आज के समय में इन्फ्लुएंसर का काम सिर्फ नौकरी या जुनून नहीं, बल्कि समाज के प्रति एक बड़ी जिम्मेदारी है। कर्नल दानवीर सिंह ने कहा कि पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक दायित्वों को बहुत ही रचनात्मक तरीके से नई पीढ़ी के साथ साझा किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के समापन ओर छात्र आदित्य के साथ सामूहिक 'वंदे मातरम्' के गायन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रेरणा मीडिया शोध संस्थान के सचिव डॉ. अनिल, विश्व संवाद केंद्र, मेरठ के मंत्री डॉ. प्रशांत आदि लोग उपस्थित रहे।

# मुरादनगर में रालोद ने चलाया सदस्यता अभियान, सैकड़ों लोगों ने ली पार्टी की सदस्यता



**मुरादनगर, करंट क्राइम :** राष्ट्रीय लोक दल ने मुरादनगर में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए एक बड़ा सदस्यता अभियान चलाया। राणा फार्म हाउस में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व विधानसभा अध्यक्ष पंडित अरुण शर्मा ने किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी भी उपस्थित रहे। इस मौके पर अरुण शर्मा ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नए सदस्यों को माला पहनाकर और पटका देकर सम्मानित किया। रामपाल चौधरी और सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह बिट्टी ने कहा कि आम आदमी का रुझान पार्टी की तरफ बढ़ रहा है। यह सदस्यता अभियान अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# इंदिरापुरम में दसलक्षण महापर्व का आयोजन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के अहिंसा खंड स्थित श्री ऋषभदेव जैन मंदिर में दसलक्षण महापर्व का आयोजन किया गया।



इस दस दिवसीय महापर्व में इंदिरापुरम और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रतिदिन संध्या को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों और बड़ों ने आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। इन कार्यक्रमों में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन पर समाज की ओर से सभी प्रतिभागियों को पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर भगवान का प्रक्षाल, पूजन एवं हवन सम्पन्न हुआ। उपवास एवं व्रतधारी श्रद्धालुओं का सामूहिक पारणा मंदिर प्रांगण के बाहर कराया गया। इस अवसर पर समिति से नवीन जैन, सुमित जैन, संदीप जैन, साकेत जैन, सुनील पटनी, मोहित, अरविंद, वाई.के. जैन, कनुप्रिया आदि लोग उपस्थित रहे।

दसलक्षण महापर्व जैन धर्म में एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जिसमें आत्म-शुद्धि और आत्म-संयम का महत्व बताया जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने अपने जीवन में आत्म-शुद्धि और आत्म-संयम के महत्व को समझने का प्रयास किया।

# वाहन व टावर उपकरण चोरी करने वाले गिरोह के कई सदस्य गिरफ्तार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट सिटी जोन की थाना सिहानी गेट पुलिस और स्वॉट टीम नगर जोन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी व टावर उपकरण चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल पैशन प्रो, दो टावर डिवाइस, चोरी करने के उपकरण तथा घटना में प्रयुक्त एक वेगनआर कार बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों में आमिर पुत्र रहीसद्दीन (25 वर्ष), अय्यूब पुत्र शाहर (22 वर्ष), सलीमद्दीन पुत्र इकरामद्दीन (25 वर्ष) सभी निवासी ग्राम सैफपुर, थाना हस्तिनापुर, मेरठ तथा मनमोहन पुत्र सुशील (24 वर्ष) निवासी ग्राम शाहपुर बटावली, थाना बहसौमा, मेरठ शामिल हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि मोटरसाइकिल उन्होंने पांच-छह दिन पहले गौतमबुद्ध नगर से चोरी की थी जबकि दो टावर डिवाइस करीब दो माह पहले जस्ट थाना क्षेत्र से चोरी किए थे। आरोपी चोरी की मोटरसाइकिल का नंबर प्लेट हटाकर दोबारा घटना को अंजाम देने की फिराक में थे, तभी पुलिस टीम ने उन्हें धर दबोचा।

डीसीपी सिटी जोन धवल जयसवाल ने बताया कि पुलिस की सक्रियता से वाहन चोरी और उपकरण चोरी में लिप्त गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी खंगाली जा रही है। थाना सिहानी गेट पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# लोनी पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर आफताब उर्फ गड्डू को किया जिला बदर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की थाना लोनी पुलिस ने अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक अहम कार्रवाई करते हुए हिस्ट्रीशीटर आफताब उर्फ गड्डू पुत्र अखलाक निवासी चौधरी चौक, टोड़ी मोहल्ला, थाना लोनी के खिलाफ धारा 2/3 उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम-1970 के तहत बदर की कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार न्यायालय और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट गाजियाबाद के निर्देश पर आरोपी को 06 माह के लिए गाजियाबाद जिले की सीमा से बाहर किया गया। इसका पालन करते हुए थाना लोनी पुलिस ने रविवार को ढोल-नगाड़ों के साथ आरोपी को सीमापार कर दिया। इस मौके पर पुलिस ने स्थानीय लोगों को भी सूचित किया और अपील की कि यदि आरोपी आगामी छह माह के दौरान जिले में दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम में बताया है कि आफताब उर्फ गड्डू के खिलाफ थाना लोनी पर गृहभेदन, चोरी और मारपीट जैसे मामलों में कुल 03 आपराधिक मुकदमे पंजीकृत हैं। इस कार्रवाई से इलाके में कानून व्यवस्था सख्त करने और अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का संदेश गया है।

# सनातन धर्म की रक्षा के लिए आरंभ हुआ पांच दिवसीय मां बगलामुखी महायज्ञ

**मुजफ्फरनगर, करंट क्राइम।** शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर और श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने अपने शिष्यों और मुजफ्फरनगर के भक्तों के साथ मिलकर श्यामा श्याम मंदिर में पांच दिवसीय मां बगलामुखी महायज्ञ का शुभारंभ किया। यह महायज्ञ 7 सितंबर से शुरू होकर 11 सितंबर तक चलेगा। इस महायज्ञ का मुख्य उद्देश्य बांग्लादेश, पाकिस्तान और भारत सहित दुनिया भर में सनातन धर्म की रक्षा, सभी हिंदुओं के परिवारों की सुरक्षा,



इस्लामिक जिहादियों का विनाश और भक्तों की मनोकामनाओं की पूर्ति करना है। यज्ञ के बाद अपने संबोधन में महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने कहा कि आज सनातन धर्म अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रहा है। महाराज ने हिंदुओं की वर्तमान स्थिति पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि हम अब इतने कमजोर हो गए हैं कि अपने परिवारों की रक्षा भी नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब केवल मां और महादेव ही हमें सद्बुद्धि देकर इस सर्वनाश से बचा सकते हैं। इस महायज्ञ के मुख्य यजमान संजय धीमान थे और आज के यजमान प्रवीण महादेव थे। इस अवसर पर विश्व धर्म संसद की मुख्य संयोजक डॉ. उदिता त्यागी, यति अभयानंद, यति धमार्नंद, डॉ. योगेंद्र योगी और मोहित बजरंगी सहित अनेक भक्त उपस्थित थे। महायज्ञ की व्यवस्था राजू सैनी और उनके साथी संभाल रहे हैं।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने अपनी धर्मपत्नी आंचल लव के हैप्पी बर्थडे को अपने शब्दों से अपने भावों से और अधिक हैप्पी बनाया। इस जन्मदिन की सबसे खास बात यह थी कि इसमें परिवार है संस्कार है और सादगी की एक मिसाल है। पति-पत्नी के आपसी सद्भाव प्रेम और विश्वास का संदेश खुद में समेटे पूर्व पार्षद हिमांशु लव की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# गाजियाबाद में स्वर्गीय सुभाष चंद्र त्यागी की स्मृति में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्वर्गीय सुभाष चंद्र त्यागी की स्मृति में रविवार को उनके निवास स्थान, सदीक नगर, सिहानी, गाजियाबाद में एक नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। वरदान हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित इस शिविर का नेतृत्व केडी त्यागी और लोकेंद्र त्यागी ने किया।





इस अवसर पर मुख्य रूप से पंडित अशोक भारतीय, भाजपा नेता सौरभ यादव, और जितेंद्र त्यागी उपस्थित रहे। वरदान हॉस्पिटल की ओर से विजय, प्रबंधक गजेंद्र, डॉ. अमित कुमार, डॉ. कंचन भारद्वाज, डॉ. मोहिनी और डॉ. नितेश शाह का विशेष सहयोग रहा।

शिविर का लाभ उठाने के लिए सैकड़ों स्थानीय निवासियों ने भाग लिया और अपनी आंखों की जांच कराई। सभी ने इस पहल की सराहना की और आयोजकों का धन्यवाद किया। इस दौरान संत कुमार त्यागी, विवेक त्यागी, धीरज, अनुज, अमित, धीरेंद्र, मुनेश, चमन सिंह, नीरज कौशिक और अरुण सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। इस प्रकार के सामाजिक कार्यों से आम जनता को स्वास्थ्य लाभ मिलता है और समाज में जागरूकता भी बढ़ती है।

# गंगापुरम हनुमान गली में खतरनाक कोबरा सांप निकलने से दहशत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद गोविंदपुरम इलाके की गंगापुरम हनुमान गली में शनिवार देर रात एक खतरनाक कोबरा सांप निकलने से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि सांप गली में बन रहे एक मकान की ईंटों के चट्टे में छिप गया था। स्थानीय निवासी बताते हैं कि यह वही कोबरा है जिसे कुछ दिन पहले भी गली में देखा गया था और जिसने उस समय दो कुत्तों को काटकर मार डाला था। गली में लगभग 2 हजार लोग रहते हैं, जिससे सांप के निकलने की घटना ने लोगों में डर और बढ़ा दिया।



## रविवार को किया गया रेस्क्यू

**करंट क्राइम :** शनिवार देर रात सांप सरवन कुमार एडवोकेट के घर के पास देखा गया। लोगों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी, लेकिन विभाग का कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। इसके बाद रविवार सुबह प्राइवेट सांप पकड़ने वाले हरविंदर सरदार को बुलाया गया, जिन्होंने लगभग 6 फीट लंबे कोबरा को सुरक्षित पकड़ लिया। सांप पकड़ने के बाद इलाके के लोग राहत की सांस ले सके। हालांकि स्थानीय लोग अब भी सतर्क हैं और अपने बच्चों को घर से बाहर जाने से रोक रहे हैं।

# पाकिस्तान के पंजाब में नाव पलटने से पांच बाढ़ पीड़ितों की मौत, महिला और चार बच्चे शामिल

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शनिवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। जलालपुर पीरवाला, मुल्तान जिले में एक नाव पलटने से पांच बाढ़ पीड़ितों की मौत हो गई। मृतकों में एक महिला और चार बच्चे शामिल हैं। नाव पर करीब 30 लोग सवार थे। यह हादसा तेज धारा के कारण हुआ। अधिकारियों ने बताया कि सभी मृतक बिना लाइफ जैकेट के थे। बाकी लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया।

पंजाब प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के महानिदेशक इरफान अली कथिया ने बताया कि 23 अगस्त से अब तक पंजाब में 25,000 से अधिक नाव संचालन सफलतापूर्वक किए गए हैं। यह पहला मामला है जब नाव पलटी है। उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच शुरू कर दी गई है कि क्यों नाव पर सभी बाढ़ पीड़ितों के लिए





बाढ़ से तबाही, पंजाब में 56 मौतें

पंजाब प्रांत में लगातार भारी बारिश और बाढ़ से हालात बिगड़े हुए हैं। कथिया ने बताया कि 23 अगस्त से अब तक केवल पंजाब में 56 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 4.1 मिलियन लोग प्रभावित हुए हैं। प्रांत की करीब 13 करोड़ की आबादी का बड़ा हिस्सा नदियों और सहायक नदियों के उफान से प्रभावित है।

राष्ट्रीय स्तर पर भारी नुकसान राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट के मुताबिक, जून के आखिर से अब तक पूरे पाकिस्तान में 907 लोगों की मौत हो चुकी है और 1,044 लोग घायल हुए हैं। सबसे ज्यादा मौतें खैबर पख्तूनख्वा में हुई हैं, जहां 502 लोग मारे गए और 218 घायल हुए। पंजाब में 223, सिंध में 58, बलूचिस्तान में 26 और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में 41 लोगों की मौत दर्ज हुई है।

एनडीएमए के अनुसार, अब तक 6,180 पशु मारे गए और 7,848 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। वहीं पाकिस्तान के जल संसाधन मंत्रालय ने बताया कि भारत ने सतलुज नदी में हाई फ्लड का अलर्ट जारी किया है। हरिके और फिरोजपुर बैराज पर रविवार सुबह 8 बजे जलस्तर खतरनाक स्तर पर रिकॉर्ड किया गया। इसके बाद पाकिस्तान ने चेतावनी दी है।

# सेहत: ग्लूटेन-अल्कोहल के मुकाबले चीनी छोड़ने के फायदे तुरंत, सिर्फ 72 घंटे में दिखता है असर, बढ़ती है ऊर्जा

**वॉशिंगटन ।** चीनी का त्याग करने से शरीर में मात्र कुछ दिनों में असर दिखने लगता है, जबकि ग्लूटेन और अल्कोहल को छोड़ने पर प्रभाव की गति धीमी और व्यक्ति-विशेष पर निर्भर करती है। नेशनल जियोग्राफिक में प्रकाशित रिपोर्ट के संदर्भ में हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के पोषण व मेटाबोलिक हेल्थ के विशेषज्ञ प्रो. डेविड लुडविग, प्रो.अलेस्सियो फासानो, डॉ. केविन हॉल, डाइट कम्पोजिशन विभाग के हेड प्रो. डेविड नट तथा इम्पीरियल कॉलेज लंदन के स्थापित निष्कर्ष इस प्रवृत्ति को पुष्ट करते हैं।



चीनी का त्याग 72 घंटे में असर दिखाना शुरू कर देता है। प्रो. लुडविग के अनुसार, उनके शोध कार्य से यह स्पष्ट होता है कि डाइट में बदलाव के 48 से 72 घंटों के भीतर ब्लड शुगर अधिक स्थिर हो जाता है। इस दौरान ऊर्जा और मानसिक स्पष्टता बेहतर महसूस होती है तथा सूजन घटने के संकेत मिलते हैं। दीर्घकाल में इससे मोटापा, टाइप-2 डायबिटीज और हृदय रोग का खतरा कम होता है।

### ग्लूटेन से आंतों को होता है नुकसान

विशेषज्ञ आम सहमति यह सुझाती है कि पहला कदम चीनी छोड़ने के लिए उठाएं। ग्लाइसेमिक स्पाइक घटते ही मेटाबोलिज्म स्थिर होता है और ऊर्जा सस्टेनेबल लगती है। ग्लूटेन छोड़ने का लाभ तभी है जब चिकित्सकीय रूप से सीलिएक संवेदनशीलता पुष्ट हो। सीलिएक संवेदनशीलता का मतलब है कि शरीर ग्लूटेन को पचा नहीं पाता और उस पर इम्यून अटैक कर देता है, जिससे आंत को नुकसान होता है और पोषण अवशोषण रुक जाता है। अल्कोहल छोड़ने का असर क्रमिक है, पर दीर्घकालिक लाभ जैसे मानसिक स्पष्टता, लीवर स्वास्थ्य, हार्मोनल संतुलन गहरे और स्थायी हैं।

# भूकंप में मलबे तले दबीं अफगानी महिलाएं तालिबान की धार्मिक पाबंदियों ने छीन ली मदद की उम्मीद

**काबुल ।** अफगानिस्तान में बीते दिनों आए भूंकप ने हजारों लोगों के जीवन को तबाह कर दिया। इस आपदा के चलते देशभर में मातम का माहौल है। दूसरी तरफ गौर करने वाली बात ये है कि इस तबाही में सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना महिलाओं को करना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट की माने तो तालिबान की सख्त सांस्कृतिक और धार्मिक पाबंदियों के कारण महिलाओं तक राहत पहुंचाना लगभग नामुमकिन हो गया है। भूकंप के 36 घंटे बाद भी एक भी महिला को मदद नहीं मिली।



तालिबान की 'दूसरे पुरुषों से सपंर्क न करने की' सख्त हिदायत के कारण पुरुष बचावकर्मी महिलाओं की मदद तक नहीं कर पा रहे हैं, चाहे उनकी जान खतरे में हो। इससे कई घायल महिलाएं मलबे के नीचे फंसी रह गईं और उन्हें समय पर इलाज नहीं मिल सका। फलस्वरूप कुछ ने अपना दम तोड़ दिया तो कुछ संघर्ष करती रहीं।

इस आपदा में संघर्ष कर रहीं महिलाओं में कुनार प्रांत के अंदरलुकक गांव की रहने वाली 19 वर्षीय आयशा ने भूकंप के बाद चीख पूकार करते उस भयावह मंजर को याद किया। आयशा ने बताया कि कैसे इस भयावह आपदा के समय महिलाओं को नजरअंदाज किया गया। उन्होंने बताया कि हम महिलाओं को एक कोने में इकट्ठा कर दिया गया और भुला दिया गया। मदद के लिए कोई नहीं आया, किसी ने पूछा तक नहीं कि हमें क्या चाहिए।

इतना ही नहीं तालिबान के सख्त शासक ने महिलाओं को चिकित्सा शिक्षा और सार्वजनिक कामों में हिस्सा लेने से भी रोक रखा है। इसलिए महिला डॉक्टरों और बचावकर्मियों की भारी कमी रही, खासकर ग्रामीण इलाकों में। यह महिलाओं के लिए और भी बड़ी मुसीबत बन गया है।

वहीं इसके बारे में एक पुरुष स्वयंसेवक 33 साल के ताजिबुल्लाह मुहाजेब ने बताया कि मलबे के नीचे फंसी महिलाओं को निकालने में उनके मेडिकल टीम के पुरुष सदस्य हिचकिचाते थे। उन्होंने कहा कि महिलाएं जैसे अदृश्य थीं। मुहाजेब ने बताया कि इस दौरान पुरुषों और बच्चों का इलाज पहले होता था, जबकि महिलाएं दूर बैठकर मदद के इंतजार में थीं। धार्मिक पाबंदिया महिलाओं के लिए बनी जी का जंजाल इन धार्मिक पाबंदियों के चलते अगर किसी महिला के साथ कोई पुरुष रिश्तेदार मौजूद नहीं था।

# यूएस में ट्रंप की नीतियों का विरोध

**लंदन ।** वॉशिंगटन डीसी में शनिवार (स्थानीय समयानुसार) को हजारों लोगों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा राजधानी में पुलिस व्यवस्था पर संघीय नियंत्रण के खिलाफ मार्च किया। यह अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन माना जा रहा है। दूसरी तरफ, ब्रिटेन की पुलिस ने संसद भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे 400 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर लिया। ये लोग फलस्तीन एक्शन समूह पर लगे प्रतिबंध का उल्लंघन करने के लिए जुटे थे। सरकार ने इस समूह को आतंकवादी संगठन घोषित किया है।




लाल बैनर पर अंग्रेजी और स्पैनिश में लिखा था, 'डीसी पर कब्जा खत्म करो।' इसी नारे के साथ प्रदर्शनकारी मेरिडियन हिल पार्क से होते हुए व्हाइट हाउस के पास फ्रीडम प्लाजा तक करीब दो मील पैदल मार्च करते पहुंचे। यह प्रदर्शन 'वी आर ऑल डीसी' नाम से स्थानीय संगठनों और अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन (अउछव) की अगुवाई में हुआ। पिछले महीने ट्रंप प्रशासन ने अपने हाथ में लिया था नियंत्रण

ट्रंप प्रशासन ने पिछले महीने राजधानी की पुलिस पर सीधा नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया था और नेशनल गार्ड के साथ संघीय एजेंसियों को सड़कों पर उतारा था। ट्रंप ने दावा किया था कि यह कदम अपराध और बेघर लोगों की समस्या से निपटने के लिए उठाया गया है। हालांकि, स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि राजधानी में हिंसक अपराध ट्रंप के पहले कार्यकाल की तुलना में कम हैं।

लगातार चार हफ्तों से हो रहे विरोध प्रदर्शन इससे पहले ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में भी नेशनल गार्ड भेजे थे और अब डीसी को निशाना बनाया। राष्ट्रपति को यहां 'होम रूल' की स्थिति यानी सीमित स्वायत्तता के कारण संघीय नियंत्रण का अवसर मिला। सड़कों पर हथियारबंद सैनिकों की मौजूदगी ने डीसी के माहौल को तनावपूर्ण बना दिया है। लगातार चार हफ्तों से विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं। ट्रंप का आपातकालीन आदेश बुधवार को खत्म होने वाला है।

ट्रंप प्रशासन का कब्जा जनविरोधी और अनैतिक

करीब दस साल से डीसी में रह रहे पूर्व अमेरिकी राजनयिक मार्क फिट्जपैट्रिक ने कहा, 'हमारी सड़कों पर नेशनल गार्ड और संघीय एजेंट घूम रहे हैं। यह हमारे लोकतंत्र पर चोट है। हमारे पास अपने सीनेटर या प्रतिनिधि नहीं हैं, इसलिए हम ऐसे तानाशाह की दया पर हैं।

# रूस ने कीव पर दागे 800 ड्रोन

**कीव ।** रूस ने रविवार रात यूक्रेन पर 805 ड्रोन और हथियारों से हमला किया। यह जंग की शुरूआत से अब तक का सबसे बड़ा हमला है। यूक्रेनी वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनाट ने इसकी पुष्टि की कि रविवार का हमला रूस का सबसे बड़ा ड्रोन हमला था। रूस ने अलग-अलग तरह की खतरनाक 13 मिसाइलें भी दागीं। वायु सेना के एक बयान के मुताबिक, यूक्रेन ने 747 ड्रोन और चार मिसाइलों को मार गिराया। यूक्रेन में 37 स्थानों पर हमले हुए।



इससे पहले बताया गया कि रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। इस दौरान एक प्रमुख सरकारी इमारत की छत से धुआं उठता दिखाई दिया। लोगों ने कीव के कैबिनेट भवन की छत से धुएं का गुबार उठता देखा, लेकिन यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि क्या यह धुआं सीधे हमले का नतीजा था। रूस अब तक शहर के केंद्र में सरकारी इमारतों को निशाना बनाने से बचता रहा है।

दो लोग मारे गए और 15 घायल यह इमारत यूक्रेन के मंत्रिमंडल का मुख्यालय है, जहां उसके मंत्रियों के कार्यालय स्थित हैं। दमकल गाड़ियों और एम्बुलेंस के पहुंचने पर पुलिस ने इमारत में प्रवेश बंद कर दिया। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि हमले में दो लोग मारे गए और 15 घायल हुए।

**मृतकों में एक साल का बच्चा भी शामिल:** कीव के नगर प्रशासन प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि मृतकों में एक साल का बच्चा भी शामिल है, जिसका शव बचावकर्मियों ने मलबे से निकाला। कीव के मेयर विटालि क्लित्श्को के अनुसार, रूसी ड्रोन का मलबा स्वियातोशिन्स्की जिले में एक आवासीय इमारत और कीव के डार्नित्स्की जिले में एक अन्य इमारत पर गिरा। 15 घायलों को एक नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# रूस ने बनाई कोलन कैंसर की वैक्सीन

## प्रीक्लिनिकल ट्रायल में 80% तक असरदार रोलआउट के लिए इंतजार

**मॉस्को ।** रूस के वैज्ञानिकों ने कोलन (बड़ी आंत) कैंसर के इलाज के लिए एक नई वैक्सीन तैयार कर ली है। यह वैक्सीन प्रीक्लिनिकल ट्रायल (प्रारंभिक चरण के परीक्षण) में पूरी तरह सफल रही है। रूस की फेडरल मेडिकल एंड बायोलॉजिकल एजेंसी (एफएमबीए) की प्रमुख वेरोनिका स्क्वॉत्सोर्वा ने यह जानकारी ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम (ईईएफ) के दौरान दी। उन्होंने कहा कि वैक्सीन अब उपयोग के लिए तैयार है और आधिकारिक मंजूरी का इंतजार है।

### कई वर्षों की रिसर्च के बाद सफलता

स्क्वॉत्सोर्वा ने बताया कि इस वैक्सीन पर कई वर्षों से काम चल रहा था। पिछले तीन साल केवल अनिवार्य प्रीक्लिनिकल स्टडी में लगाए गए। इन स्टडी में यह साबित हुआ कि वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है, चाहे इसे बार-बार ही क्यों न दिया जाए। इसके अलावा, यह वैक्सीन बेहद प्रभावी साबित हुई है। इससे ट्यूमर (गांठ) का आकार 60% से 80% तक कम हुआ और कैंसर की प्रगति धीमी हो गई। वहीं मरीजों की जीवन प्रत्याशा में भी सुधार देखा गया। इस वैक्सीन का पहला उपयोग कोलोरेक्टल कैंसर के इलाज में किया जाएगा। इसके अलावा, वैज्ञानिक ग्लियोब्लास्टोमा (एक खतरनाक ब्रेन कैंसर) और कुछ विशेष प्रकार के मेलानोमा, जैसे आंख का मेलानोमा, के लिए भी वैक्सीन पर काम कर रहे हैं। ये






प्रोजेक्ट अभी उन्नत स्तर पर हैं और आने वाले समय में बड़ी सफलता दे सकते हैं।

अधिकतर लोग वैक्सीन को खसरा, चिकनपॉक्स जैसी संक्रमक बीमारियों से बचाव के लिए जानते हैं। ये वैक्सीन शरीर की इम्यून सिस्टम को तैयार करती हैं ताकि वह वायरस या बैक्टीरिया को पहचानकर नष्ट कर सके। लेकिन कैंसर वैक्सीन थोड़ी अलग होती है। ये शरीर की इम्यून सिस्टम को कैंसर कोशिकाओं को पहचानने और नष्ट करने में मदद करती हैं। कुछ वैक्सीन कैंसर का इलाज करती हैं, जबकि कुछ कैंसर रोकथाम के लिए होती हैं।

# हूती विद्रोहियों ने दक्षिणी इस्राइल के हवाई अड्डे पर किया ड्रोन हमला, रोकी गईं उड़ानें

**तेल अवीव ।** यमन के हूती विद्रोहियों समूह ने इस्राइल के दक्षिणी शहर को निशाना बनाते हुए ड्रोन हमला किया है। इस्राइली सेना ने रविवार को बताया कि हूती विद्रोहियों ने ड्रोन से दक्षिणी इस्राइल के एक हवाई अड्डे पर हमला किया था। हमले के बाद हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया है। जिसके चलते कई उड़ाने भी प्रभावित हुई हैं।

इस्राइल ने कहा कि हूती विद्रोहियों ने कई ड्रोन लॉन्च किए थे। जिनमें से कुछ को इस्राइल की सीमा के बाहर ही रोक लिया गया। हालांकि एक ड्रोन दक्षिणी शहर इलात के पास स्थित रमोन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नजदीक गिरा। जिसके बाद हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया है।

इस्राइली बचाव सेवा के प्रमुख मैगन डेविड एडोम ने बताया कि ड्रोन के टुकड़े लगने से एक व्यक्ति मामूली रूप से घायल हो गया है। रविवार का हमला यमन की विद्रोहियों के कब्जे वाली राजधानी सना पर इस्राइली हमले के दो हफ्तों के बाद हुआ है। बता दें कि इस हमले में हूती सरकार के प्रधानमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के कई सदस्य मारे गए थे।





प्रधानमंत्री अहमद अल-रहावी इस्राइल-अमेरिकी अभियान में मारे गए सबसे वरिष्ठ हूती अधिकारी थे। यमन ने तब से लगभग हर दिन इस्राइल पर हमले किए हैं। जिनमें क्लस्टर बम भी शामिल हैं, हालांकि इनमें से कुछ ही इस्राइली के अंदर भी पहुंच गए थे, हालांकि किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

मई में भी एक हूती मिसाइल इस्राइल के मुख्य हवाई अड्डे के पास गिरी थी। जिसमें चार लोग मामूली रूप से घायल हुए थे और कई एयरलाइनों ने महीनों तक इस्राइल के लिए उड़ानें रद्द कर दी थीं। इसके बाद इस्राइल ने यमन की राजधानी सना के मुख्य हवाई अड्डे पर हमला कर उसे नष्ट कर दिया था।

# पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजीरिया में बोको हरम आतंकियों का तांडव, 60 लोगों की हत्या

**मैदुगुरी ।** नाइजीरिया में पूर्वोत्तर के एक गांव में शुक्रवार रात (स्थानीय समयानुसार) को बोको हरम के आतंकियों ने जमकर तांडव मचाया। आतंकियों ने गांव में हमला कर कम से कम 60 लोगों की हत्या कर दी। यह हमला दारुल जमाल गांव पर हुआ, जहां हाल ही में विस्थापित लोग शिविर से लौटकर अपने घरों में बसना शुरू हुए थे। गांव के एक निवासी मोहम्मद बाबागाना ने बताया कि देर रात हुआ यह हमला बेहद खौफनाक था। बोर्नो राज्य के राज्यपाल बाबागाना जुलुम ने शनिवार शाम गांव का दौरा किया और पुष्टि की कि मरने वालों की संख्या 60 से अधिक है। जुलुम ने कहा, 'हम प्रभावित लोगों के साथ हैं और उनसे अपील की है कि वे अपने घर न छोड़ें। सुरक्षा बढ़ाने और भोजन व दूसरी जरूरी मदद उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है।'

हमलावरों ने दर्जनभर घरों को लगाई आग बामा की स्थानीय सरकार ने बताया कि हमलावरों ने दर्जनभर से ज्यादा घरों को जला दिया और 100 से अधिक लोग अपने घर छोड़कर भागने पर मजबूर हो गए। आतंकवादी मामलों के विशेषज्ञ और इंस्टीट्यूट फॉर सिक्योरिटी स्टडीज से जुड़े ताइवो अदेबायो ने बताया कि यह हमला बोको हरम के गुट जमातु अहलिस सुन्ना लिद्दावाती वाल-जिहाद ने किया।




नाइजीरिया के घरेलू जिहादी बोको हरम ने 2009 में हथियार उठाए थे। इसका मकसद पश्चिमी शिक्षा का विरोध करना और अपनी कट्टरपंथी इस्लामी व्यवस्था थोपना था।

संबंध विच्छेद

मैंने अपनी पुत्रवधू रतिका व्यास से समस्त रिश्ते नाते व सम्बन्ध समाप्त कर उसको अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उससे मेरा व मेरे परिवार का कोई ताल्लुक वास्ता नही होगा तथा अपने द्वारा किये गये किसी भी लेन-देन, व्यवहार या कृत्य के लिए वह स्वम जिम्मेदार होगी मेरा व मेरे परिवार का कोई उत्तरदायित्व किसी प्रकार का नहीं होगा।

प्रार्थिनी मीना व्यास पत्नी परेश व्यास, निवासी- के.जी.-15, कवि नगर, नियर सर्वोदय हॉस्पिटल, तहसील व जिला- गाजियाबाद।

# धूमधाम से मनाया गया श्री राधा षष्ठी संकीर्तन वार्षिक महोत्सव



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अखिल भारतीय श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में श्री राधा षष्ठी संकीर्तन वार्षिक महोत्सव मनाया गया। श्री मनन धाम मेरठ रोड मोटा में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। संस्था के अध्यक्ष जगदीश साधना ने सभी का आभार व्यक्त किया और स्वागत किया।

# इंदिरापुरम सर्किल में लगातार पुलिस की बदमाशों से हो रही है मुठभेड़

## कौशाम्बी थाना पुलिस ने तीन लुटेरे दबोचे, एक बदमाश घायल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ट्रांस हिण्डन जोन में अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। इंदिरापुरम सर्किल में रविवार सुबह थाना कौशाम्बी पुलिस टीम और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस ने साहसिक कार्रवाई करते हुए तीन लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान हुई जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसे अस्पताल भेजा गया है।



### वैशाली इलाके से पुलिस में दबोचा लुटेरे



**करंट क्राइम :** घटना रविवार सुबह वैशाली सेक्टर-2/5 की पुलिया पर हुई, जहां पुलिस टीम संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी एक गोल्डन रंग की कार आती दिखाई दी। पुलिस ने उसे रोकने का इशारा किया लेकिन चालक गाड़ी को तेज गति से कच्चे रास्ते की ओर भगाने लगा। पीछा करने पर कार टकराकर रुक गई। तभी कार में सवार बदमाशों ने खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक बदमाश घायल हो गया और बाकी दो को मौके पर दबोच लिया गया।

### दिल्ली के है सभी बदमाश

**करंट क्राइम :** पुलिस ने बताया है कि गिरफ्तार बदमाशों के नाम सुजल निवासी मंगोलपुरी दिल्ली, संदीप निवासी मंगोलपुरी दिल्ली और विशाल निवासी ग्राम पंसाली बेगमपुर दिल्ली बताए गए हैं। तीनों पर दिल्ली और गाजियाबाद एनसीआर में लूट, स्नैचिंग, चोरी व आर्म्स एक्ट से जुड़े कई मुकदमे दर्ज हैं। इनके कब्जे से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, एक चाकू, घटना में प्रयुक्त कार और लूट/स्नैचिंग से संबंधित 2,130 रुपये नकद बरामद हुए हैं। पूछताछ में बदमाशों ने खुलासा किया कि वे सुबह के समय गाजियाबाद और दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में लूट, स्नैचिंग और चोरी की वारदातें करते थे। 25 अगस्त को कौशाम्बी क्षेत्र में हुई चेन स्नैचिंग की घटना भी इन्हीं ने अंजाम दी थी।

### बदमाशों पर लगातार हो रहा है एक्शन



**करंट क्राइम :** एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि इंदिरापुरम सर्किल में लगातार पुलिस मुठभेड़ें हो रही हैं और अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। यह कार्रवाई अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के लिए गाजियाबाद सुरक्षित जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम पूरी तत्परता से काम कर रही है और आगे भी इसी तरह अभियान जारी रहेगा।

## शिष्टाचार मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। रविवार को तेलंगाना राज्य के भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर हिंडन एयरपोर्ट पर पहुंचे। यहां पहुंचने पर एयरपोर्ट के वीआईपी लाउंज में हिंडन एयरपोर्ट सलाहकार समिति के सदस्य संजीव मित्तल, स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ के सहसंयोजक अशोक मोंगा, लोकसभा सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी वाले, तथा एडवोकेट वरुण चौधरी ने उनसे शिष्टाचार मुलाकात की तथा उनका स्वागत किया।

# विजन 2047: प्रत्येक नागरिक की भागीदारी से ही संभव होगा विकसित उत्तर प्रदेश का सपना : जिलाधिकारी




गाजियाबाद, करंट क्राइम। विकसित भारत - विकसित उत्तर प्रदेश का सपना केवल सरकार का नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश का साझा लक्ष्य है। सरकार की कोई भी योजना तभी सफल हो सकती है, जब जनता उसमें विश्वास और सक्रिय सहभागिता के साथ जुड़ती है। यही भाव विजन 2047 की नींव है।

विजन 2047 केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि यह एक संकल्प है कि उत्तर प्रदेश को न केवल भारत का सबसे सशक्त और समृद्ध राज्य बनाया जाए, बल्कि पूरी दुनिया के सामने विकास, संस्कृति और मानवीय मूल्यों का आदर्श भी प्रस्तुत किया जाए। एक ऐसा प्रदेश जहाँ तकनीकी प्रगति और परंपरा दोनों साथ-साथ चलें।

**जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने कहा कि विकसित भारत -** विकसित उत्तर प्रदेश का संकल्प केवल सरकार का नहीं, बल्कि हम सबका है। इसलिए इस मुहिम में सभी नागरिक एकजुट होकर अपने विचार साझा करें।

उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी कार्य जनभागीदारी के बिना पूर्ण नहीं हो सकता। इस दिशा में राज्य सरकार ने लोगों से सुझाव प्राप्त करने के लिए व्यवस्था की है। नागरिक अपने विचार साझा करने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें या https://samarthuttarpradesh.up.gov.in/ पर जाकर मोबाइल नम्बर व ओटीपी डालकर अपने सुझाव भेज सकते हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी कार्यक्रम को सफल बनाने में जागरूकता और मीडिया की भूमिका बेहद अहम है। मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और प्रशासन व जनता के बीच महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करता है। उन्होंने सभी मीडिया बंधुओं से आग्रह किया कि इस अभियान को अधिक से अधिक प्रचारित करें ताकि हर नागरिक अपने विचारों के माध्यम से विकसित उत्तर प्रदेश बनाने की इस यात्रा का हिस्सा बन सके




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब मिली नदिया पार के पार्षद डॉ साहब को दो लाईट? वो हो गये मजबूर इस बात करने को विचार? इतनी सारी लाईट इन्हें कहां-कहां लगवाऊं मैं सरकार? सुना है डॉ साहब ने दो लाईटों को लेकर लगा दी व्हाट्सऐप ग्रुप में छलांग? पूछ लिया वार्ड के लिए मिली हैं मुझे दो लाईट? इन्हें कहां-कहां लगवा दूं सभी लोग दें एडवाईज? सुना है दो लाईट वाली बात पर वार्ड वालों को भी होने लगा सरप्राईज?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पार्षदों में हो रही है इस बात को लेकर पूरे नदिया पार में चर्चा? हम भी तो जीते हैं लेकिन कार्यकारिणी में क्यों चलता है टी-फैक्टर वाला ट्रैक्टर? कहने वाले ने कहा कि मुख्यमंत्री बिरादरी का रहता है नदिया पार से कार्यकारिणी में जलवा? टी-फैक्टर वाली कंपनी ही क्यों खाती है हर बार कार्यकारिणी चुनाव में जीत के स्वाद वाला हलवा? कहने वाले ने कहा कब तक रहेगी ठाकुर बिरादरी पर ये कृपा? कभी तो हो दूसरी बिरादरी के पार्षदों पर भी नजर-ए-इनायत? हम तो वैसे ही बोल रहें हैं, इसे मत समझना हिदायत ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बहुत जोर-शोर से हुए थे दो पार्षद लखनऊ जाने के लिए तैयार? मगर ऐसा क्या हुआ कि जब वो दोनों पहुंचे बस के द्वार? तो अचानक बदल गया उनका विचार? सुना है एक ने दिखाई जाने में असुविधा और कहा मेरे पिता जी का है कल श्राद्ध? इसलिए मैं नहीं जा सकूंगा तुम लोगों के साथ? सुना है दूसरे पार्षद ने भी बता दिया कि मेरी बिटिया है बीमार? बस में सवार पार्षदों की फिर आने लगी आवाज? श्राद्ध वाला मैटर तो पहले से पता होगा और जब घर से चले होंगे तो बिटिया का हाल भी पूछा होगा?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बृज वाले विहार में अभी से आ गई है निगम चुनाव की तैयारियों की बहार? मंडल वाले एक पदाधिकारी ने कर ली है अभी से निगम चुनाव लड़ने की तैयारी? वो मंडल के हैं पदाधिकारी मगर बना लिया है उन्होंने अपना वार्ड वाला ग्रुप? वो जोड़ रहे हैं इस ग्रुप पर केवल वार्ड के वोटर को? मंडल वाले बता रहे हैं वो कर रहे हैं चुनाव लड़ने की तैयारी? सुना है चौधरी साहब को मिला है कहीं से बहुत बड़े वाला आश्वासन? वो चाहते हैं अब मिले उन्हें टिकट और वो बदल दें वार्ड का निगम वाला शासन?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कसम से बता रहे हैं ये बात सच है पूरी तरह श्रीमान? उनके हाल-चाल पूछ रहे थे स्वयं फोन करके भगवा योद्धा के सारथी श्रीराम? सुना है उन्होंने पहले वाले मंडल प्रधान को किया फोन और पूछा कहां बिजी रहती है इन दिनों तुम्हारी टोन? पहले वाले मंडल प्रधान भी समझ गये इस बात को? उन्होंने भी लगा दिया फिर बेटे की शादी की तैयारियों का कार्ड? कहा अभी मैं फिलहाल ना मंडल देख पाऊंगा ना वार्ड? इसके बाद फोन पर हाल चाल पूछने की हो गई जुदाई? जब पूर्व वाले मंडल प्रधान ने कह दिया कि मेरे घर पर चल रही है इन दिनों रंगाई और पुताई? और फिर त्यागी जी ने दूसरे त्यागी जी को ये बात समझाई? अभी तो सीन बिजी का चल रहा है फिर किसी दिन मिलते हैं मेरे भाजपाई भाई?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब बैठे थे अपने खर्चे से इलाके की सड़कों के गड्ढे भरवाने वाले पार्षद महोदय मंत्री जी के कार्यालय पर? सुना है यहां पर गड्ढे भरवाने वाले पार्षद ने मंत्री जी से अचानक मांग लिया उनका आशीर्वाद? अब पार्षद महोदय इस बात को भूल गये कि वो सियासत के हैवीवेट हैं और पकड़ लेते हैं हवाओं में बात? सुना है मंत्री जी ने कर दिया इशारा किसी एक चेहरे की तरफ? फिर कहा तुम्हें जिसका आशीर्वाद चाहिए वो चेहरा तो ऑलरेडी बैठा हुआ है तुम्हारे साथ? बताते है मंत्री जी ने दिला दी पुरानी बात भी याद? बता दिया कि पिछली बार भी फला था तुम्हें मेरा आशीर्वाद इनके आशीर्वाद के बाद?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** उस वाले वार्ड में चल रही है बिरादरी वाले पार्षदों के बीच इंटरनल वॉर? सुना है दोनों के बीच बढ़ जाता है शक जब छप जाती है उनको लेकर कोई खबर इन-द-अखबार? मौहल्ले वाले बता रहे हैं कि दोनों ही किरदार समझ रहे हैं खुद को इस समय सबसे असरदार? दोनों की बिरादरी एक और वार्ड हैं आस-पास? सुना है भाजपाई ले रहे हैं इस पूरी तकरार का आनंद? खबर छपते ही वो फोन पर भेजते हैं स्क्रीनशॉट और फिर बताते हैं फोन कर पूरी बात?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नंद वाले ग्राम में मच रहा है उस समाजवादी को लेकर नशे से मुक्त होने वाला घमासान? सुना है हाशिये पर चले रहे समाजवादी ने कर दिया है क्षेत्र में नशा मुक्त अभियान चलाने का ऐलान? कहने वाले ने कहा कि वो हो जायें अभियान से पहले सावधान? साईकिल वालों ने ढूंढ लिये हैं कुछ पुराने मुद्दे और वो लेकर आ रहे हैं उनकी कोई पुरानी हिस्ट्री? कहने वाले ने कहा कि जैसे ही चलेगा साइकिल का पैडल? वैसे ही निकलेंगे किस्सों के मैडल?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** महानगर वालों ने दिया है जिसे मंडल में स्थान? विधायक जी ने दी मंडल उपाध्यक्ष को पहुंच कर बर्थडे की बधाई? मगर उन्होंने फेसबुक पर बता दिया मंडल उपाध्यक्ष को समाजसेवी? कहने वाले ने कहा कि विधायक जी जानते हैं हर देवतुल्य को नाम से? फिर वो मंडल उपाध्यक्ष की बधाई में क्यों हो गये उनके पद को लेकर अंजान से? कहने वाले ने कहा कि मंडल उपाध्यक्ष को अभी बनानी होगी भाजपा में अपनी और अधिक पहचान? विधायक जी हैं बहुत ही भले इंसान? वो तो कार्यकर्ता का लेते हैं नाम? फिर मंडल उपाध्यक्ष को लेकर वो क्यों रहे अंजान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हाथ वालों की अगर डाले तैयारियों पर नजर? ऐसा लगता है वो हैं अभी वार्ड वाली तैयारियों से भी बेखबर? कहने वाले ने कहा कि निगम में है उनका तीन वाला सीन? अगर मांग लो हाथ वालों से 97 वार्डों से पार्षद दावेदारी की लिस्ट? कहने वाले ने कहा 30 का आंकडा भी नहीं होगा पार और आप लिख कर रख लो कहानी में आ जायेगा ट्विस्ट? कहने वाले ने कहा कि केवल दफ्तर पर बैठकर नहीं चलेगी कांग्रेस? अगर कुछ कर दिखाना है तो गली मौहल्लों में बनाना होगा अपना बेस?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# सुजल चौधरी बनी भारतीय सेना की लेफ्टिनेंट जनपद का नाम किया रोशन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वसुंधरा निवासी सुजल चौधरी ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित होकर गाजियाबाद का नाम गौरवान्वित किया। सुजल चौधरी ने बिहार के गया में स्थित ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) में प्रशिक्षण पूरा किया और 6 सितंबर को आयोजित पासिंग आउट परेड में भारतीय सेना में अधिकारी बनने का गौरव हासिल किया।

इस वर्ष की पासिंग आउट परेड में कुल 207 कैडेट्स शामिल थे, जिनमें 23 महिला और 184 पुरुष कैडेट्स शामिल थे। इससे पहले 2 सितंबर को ओटीए परिसर में कमांडेंट अवॉर्ड सेरेमनी आयोजित की गई, जिसमें प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को ओटीए कमांडेंट सुकृति सिंह दहिया द्वारा सम्मानित किया गया।

परंपरा के अनुसार परेड की पूर्व संध्या पर पहली बार गौरव पदक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देश सेवा के लिए अपने बच्चों को समर्पित करने वाले अभिभावकों को सम्मानित किया गया। यह नई परंपरा भारत सरकार के निर्देश पर शुरू की गई है।

इस बार की परेड के मुख्य अतिथि भारतीय सेना के सेंट्रल कमांड के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता रहे।

गौरतलब है कि इस साल मार्च में हुई पिछली पासिंग आउट परेड में 18 महिला कैडेट्स भारतीय सेना का हिस्सा बनी थीं, जबकि इस बार महिला कैडेट्स की संख्या बढ़कर 23 हो गई है।

# कवि नगर पुलिस ने मुठभेड़ कर तीन शातिर अपराधी दबोचे, तमंचा-कारतूस और मोटरसाइकिल बरामद

## चेन लूट की वारदात में थे शामिल

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सिटी जोन में पुलिस ने अपराधियों पर कड़ा शिकंजा कसते हुए मुठभेड़ के बाद तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से एक तमंचा .315 बोर, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और पीली धातु की चेन बरामद की गई है। एसीपी कवि नगर भास्कर वर्मा ने

जानकारी दी है कि 25 अगस्त को थाना कविनगर क्षेत्र के राजनगर स्थित एक घर में बदमाशों ने घुसकर परिवार के साथ मारपीट की और लूटपाट का प्रयास किया था। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने घटनाक्रम की जांच शुरू की और टीमों का गठन किया। जांच के दौरान इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य, सीडीआर, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 6 सितंबर को औद्योगिक क्षेत्र चौकी के पास संदिग्धों की घेराबंदी की। इस दौरान दिनेश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी और उसे मौके पर ही दबोच लिया गया।



### तीन बदमाश किए गए गिरफ्तार

**करंट क्राइम।** इस मामले में पुलिस ने उसके दो अन्य साथी जोगेंद्र उर्फ जोनी (उम्र 42 वर्ष) और अरुण कुमार (उम्र 29 वर्ष), दोनों निवासी जनपद अमरोहा को भी गिरफ्तार कर लिया है। घायल आरोपी को उपचार हेतु संयुक्त जिला चिकित्सालय संजय नगर गाज़ियाबाद भेजा गया है।

### राजनगर में किया था बड़ी घटना का प्लान



**करंट क्राइम।** पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे गाज़ियाबाद और आसपास के क्षेत्रों में स्नैचिंग व लूट की घटनाएं अंजाम देते रहे हैं। 25 अगस्त को भी वे बड़ी आपराधिक वारदात करने की फिराक में थे लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते नाकाम रह गए। घटना वाले दिन भी वे रेकी कर अपराध को अंजाम देने आए थे, लेकिन पुलिस की घेराबंदी में पकड़े गए।

### शातिर अपराधियों का है पूरा गैंग

**करंट क्राइम।** एसीपी कविनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शातिर अपराधी हैं, जिनका आपराधिक इतिहास है। इनके कब्जे से अवैध हथियार और लूट का माल बरामद हुआ है। पुलिस टीम की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से संभावित बड़ी घटना को टाल दिया गया। अपराधियों पर कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध जनपद गाज़ियाबाद में पहले से ही कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब इनके आपराधिक नेटवर्क और अन्य साथियों की जानकारी खंगाल रही है।